




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट 930144443



वर्ष- 15 अंक - 180 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 14 अप्रेल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### बारिश का सिस्टम हुआ कमजोर, अब पड़ेगी आफत की गर्मी

**रायपुर (ए.)।** राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में जिस सिस्टम की वजह से अप्रैल महीने में मौसम ठंडा और बारिश के हालात बने अब वह कमजोर हो गया है। बारिश की गतिविधि सिमटने लगी है, हालांकि बादल छाए हुए हैं। आज भी कुछ इलाकों में बारिश की संभावना है। वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में तापमान पांच से छह डिग्री तक बढ़ सकता है। राजधानी समेत राज्य के कई इलाकों में मौसम काफी दिनों से बदला हुआ है। आने वाली नमी और द्रोणिका के कारण लगातार बारिश होने से राज्य के तापमान में रिकार्ड गिरावट हुई थी। शनिवार को लगातार तीसरे दिन प्रदेश भर में दिन के वक्त रायपुर सबसे ठंडा रहा। प्रदेशभर में सर्वाधिक गर्म दंतेवाड़ा रहा, कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### सड़क हादसे में सगे भाइयों समेत 3 की मौत

**बेमेतरा (ए.)।** जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक देर रात बारात से लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार, अर्जुनी गांव से तीन युवक बारात में शामिल होने के लिए बंधी गांव गए थे और देर रात यहां से वापस लौट रहे थे। तभी चोरभट्टी एनएच 30 के पास सड़क हादसा हो गया। हादसे में तीनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। मरने वालो में दो युवक सगे भाई थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भाजपा का किला भेदने की चुनौती

## कांग्रेस-भाजपा में सभी 11 सीटों पर है सीधी टक्कर, कई सीटों पर रोमांचक मुकाबले

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क



**रायपुर।** अपने पिछले प्रदर्शनों को सुधारने की खूब जुगत लगा रही कांग्रेस के सामने भाजपा का किला भेदने की कड़ी चुनौती है। छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर है। विधानसभा चुनाव में चोट खाई कांग्रेस यहां अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए पूरा जोर लगा रही है। कांग्रेस ने राजनांदगांव सहित तीन-चार सीटों पर जबर्दस्त मुकाबले का माहौल बनाया है। कांग्रेस अपनी गारंटी से ज्यादा विक्टिम कार्ड और जातीय समीकरणों के भरोसे मैदान में है। कांग्रेस की कोशिश भाजपा के किलों को भेद कर अपना प्रदर्शन सुधारने की है। उधर, राज्य में सरकार बनाने के बाद उत्साहित भाजपा इस बार सभी 11 सीटों पर जीत का लक्ष्य तय कर मैदान में है।

चुनाव प्रचार में दोनों ओर से आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी सरकार में शुरू गई योजनाओं का लाभ अब राज्य के लोगों को नहीं मिलने और एजेंसियों के दुरुपयोग का मामला उठाकर राजनांदगांव में अपनी सीट के अलावा अन्य सीटों पर भी पार्टी के लिए वोट मांग रहे हैं। हाल में कथित शराब घोटाले को लेकर कोर्ट से मिली कुछ राहत के बाद कांग्रेस बता रही है कि कैसे भाजपा ने विधानसभा चुनावों में लोगों को गुमराह कर ऐसे घोटाले के नाम पर वोट लिया जो हुआ ही नहीं। जबकि भाजपा अभी भी कांग्रेस राज के कथित भ्रष्टाचार गिना रही है। इस चुनाव में अमित जोगी और आम आदमी पार्टी का फैक्टर जमीन पर नहीं दिख रहा है। बसपा की मौजूदगी महज दो सीटों पर है। ऐसे में मुख्य मुकाबला कांग्रेस बनाम भाजपा ही है।

**एक सांसद का काटा टिकट**

कांग्रेस ने अपने मौजूदा दो सांसदों में एक का टिकट काट दिया, जबकि कोरबा से वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत को फिर प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने बस्तर से मौजूदा सांसद दीपक बैज की जगह कवासी लखमा को उतारा है। कांग्रेस की तरफ से भूपेश बघेल राजनांदगांव की उस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जो पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह का गढ़ हुआ करती थी। अभी यह सीट बीजेपी के पास ही है। बघेल के मैदान में उतरने की वजह से यह हॉट सीट में गिनी जा रही है।

### उपचुनाव में मिली थी भाजपा को हार

राज्य निर्माण के बाद राजनांदगांव लोकसभा सीट पर भाजपा लगातार जीत रही है, लेकिन 2007 के उपचुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। हालांकि इसके बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा से यह सीट वापस छीन ली थी। बता दें कि वर्ष 2004 में यहां से प्रदीप गांधी सांसद चुने गए थे। इन पर आरोप लगा था कि पैसे लेकर संसद में प्रश्न पूछते हैं। इसके बाद गांधी की सदस्यता रद्द हो गई थी। उप चुनाव में यहां से दिवंगत देवव्रत सिंह ने चुनाव जीता था।

### यहां हर बार बदल जाते हैं सांसद

छत्तीसगढ़ में कोरबा लोकसभा की सीट वर्ष 2009 के बाद अस्तित्व में आई थी। यहां अब तक तीन बार लोकसभा के चुनाव हुए है। अन्य लोकसभा सीटों की तुलना में कोरबा लोकसभा सीट का पैटर्न अलग है। यहां पिछले तीन लोकसभा चुनाव में नजर डाले तो पहली बार यहां चुनाव में कांग्रेस, दूसरी बार भाजपा और तीसरी बार फिर कांग्रेस ने चुनाव जीता है। इस बार यहां कांग्रेस-भाजपा दोनों ने महिला प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है।

### भाजपा का पलड़ा रहा है भारी

लगभग ढाई दशक पहले आस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद अगर लोकसभा चुनाव का इतिहास देखें तो यहां हर चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी रहा है। 2004 के आम चुनाव से लेकर 2014 तक सभी तीनों चुनाव में राज्य की 11 सीटों में से 10 सीटों पर बीजेपी जीतती रही है। 2019 के चुनाव में पहली बार कांग्रेस ने प्रदर्शन सुधारते हुए दो लोकसभा सीटें जीतीं। कांग्रेस को कोरबा और बस्तर से जीत का रास्ता मिला। राज्य की छह लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर आजतक बीजेपी कभी नहीं हारी। भाजपा का गढ़ कही जाने वाली सीटों में रायपुर, कांकेर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चांपा और राजनांदगांव शामिल हैं। मौजूदा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों की निगाहें इन सीटों पर है। भाजपा अपने मजबूत किलों को बचाए रखने के साथ-साथ राज्य में कांग्रेस को खाता नहीं खोलने देने का दावा कर रही है। बीजेपी पीएम मोदी के नाम और काम पर लोगों से वोट मांग रही है तो वहीं कांग्रेस यहां अभी भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल की अगुवाई में चुनाव लड़ती दिख रही है।

### बस्तर में दोनों पार्टियां लगा रहीं दम

बस्तर में कांग्रेस और भाजपा दोनों ने अपनी पूरी ताकत लगा रखी है। अभी तक बस्तर संभाग से लोकसभा में ज्यादातर भाजपा ही जीतती आई है। लेकिन पिछली बार के प्रदर्शन के बाद कांग्रेस को यहां फिर से अपनी जीत की संभावना नजर आ रही है। कांग्रेस कांकेर और बिलासपुर सीट पर भी खुद को ऐसे मुकाबले में मानकर चल रही है, जहां बाजी किसी भी ओर जा सकती है।। लेकिन भाजपा ने भी यहां कांग्रेस को घेरने के लिए अपने बड़े नेताओं को प्रचार मैदान में उतार दिया है। जानकारों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में बड़े उलटफेर की संभावना नहीं है लेकिन दो-तीन सीटों के नतीजे जरूर चौंका सकते हैं।

### रायगढ़ ने दिए दो मुख्यमंत्री

रायगढ़ लोकसभा सीट से आज तक किसी निर्दलीय उम्मीदवार ने चुनाव नहीं जीता है। यहां की जनता राजनीतिक दलों को महत्व देती है। वहीं रायगढ़ लोकसभा सीट की खास बात यह है कि इस सीट से छत्तीसगढ़ को दो मुख्यमंत्री मिले हैं। वर्ष 1998 में यहां से दिवंगत अजीत जोगी सांसद चुने गए थे। राज्य निर्माण के बाद वो प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। वहीं विष्णुदेव साय रायगढ़ सीट से चार बार सांसद चुने गए। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री है। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह भी वर्ष 1999 में राजनांदगांव से सांसद चुने गए थे।

# मोदी की गारंटी का पिटारा खुला, मुफ्त राशन, बिजली, सस्ते सिलेंडर का वादा

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपनी संकल्प पत्र जारी कर दिया है। बीजेपी ने चुनावी घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी नाम दिया है। चुनावी घोषणापत्र में बीजेपी ने जहां मोदी सरकार के पिछले दो टर्म की उपलब्धियों के अलावा संभावित तीसरे टर्म में अपने संकल्प सामने रखे हैं। घोषणा पत्र में बीजेपी के सबसे बड़े संकल्प वन नेशन वन इलेक्शन और यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) हैं। इसके अलावा चार वर्गों युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीबों को सशक्त बनाने का वादा किया है। बीजेपी ने बड़ी संख्या रोजगार बढ़ाने की भी बात की है। गरीबों के लिए फ्री राशन, हर वर्ग के 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना, महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना, मध्यम वर्ग के लिए फ्री बिजली, सस्ते रसोई गैस सिलेंडरों का वादा किया है। मेनिफेस्टो में बीजेपी ने कांग्रेस को भी जमकर कोसा। दावा किया कि कांग्रेस जो नहीं कर पाई, मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में उससे कहीं ज्यादा कार्य कर दिखाया।



### लखपति दीदी योजना

बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में कहा है कि सरकार ने लखपति दीदी के तहत देश की लाखों महिलाओं को सशक्त किया है। वादा किया कि आगे भी ऐसा करते रहेंगे। इसके लिए कल्याणकारी योजनाओं के साथ महिला सहायता समूहों को मदद दी जाएगी। साथ ही सर्वाइकल कैंसल, ब्रेस्ट कैंसर जैसी घातक समस्याओं पर भी ध्यान दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए शौचालय का निर्माण किया जाएगा।

### कांग्रेस पर भी बरसी बीजेपी

अपने चुनावी घोषणापत्र में बीजेपी ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार को भी निशाने पर लिया। बीजेपी ने संकल्प पत्र में कहा कि कांग्रेस की 2004 से 2014 तक की सरकार के वक्त भारत दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था तक ही बना रहा लेकिन, मोदी सरकार के महज 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान भारत ने पहली बार विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का गौरव प्राप्त किया। मोदी की अगली गारंटी यह है कि आगामी वर्षों में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तक लाया जाएगा।

### नेशनल एजुकेशन पॉलिसी

पारदर्शी परीक्षाओं से लाखों को रोजगार मिला है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी। हर नागरिक को अच्छी शिक्षा लागू होगी। युवाओं के लिए मोदी की गारंटी में वादा किया है कि इनवेस्टमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप, खेल, हाई वेल्यू सर्विस और पर्यटन के लिए नए मार्ग खुलेंगे।

### किसानों के लिए क्या वादे

बीजेपी के चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया गया है कि बीज से बाजार तक किसानों की आय पर फोकस किया जाएगा। श्रीअन्न को सुपर फूड में बदला जाएगा। नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती से जमीन की सुरक्षा की जाएगी। मछुआओं के लिए नाव का हीमा, सैटेलाइट द्वारा समय पर जानकारी को मजबूत किया जाएगा। सी वीड और मोदी की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### भ्रष्टाचार पर ऐक्शन जारी

बीजेपी ने मोदी की गारंटी में वादा किया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की मुहिम को और सख्ती से लागू किया जाएगा। परफोर्म, रिफोर्म और ट्रांसफोर्स का मंत्र शासन के हर क्षेत्र में लागू किया जाएगा। वादा किया कि भारतीय न्याय संहिता भी लागू होगी। वन नेशन वन इलेक्शन और कॉमन इलेक्टोरल रोल की भी व्यवस्था आएगी।

### ई-श्रम योजना

बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में गिग वर्कर्स, टैक्सी ड्राइवर, ऑटो ड्राइवर, घरों में काम करने वाले श्रमिक, माइग्रेंट वर्कर, ट्रक ड्राइवर और कुली सभी को ई-श्रम पर जोड़कर कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करेंगे।

**बुजुर्गों को मिलेगा आयुष्मान भारत योजना**

भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के दिन बीजेपी ने अपना चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया है। बीजेपी ने मोदी की गारंटी के साथ अपना चुनावी पिटारा खोला। अपने संकल्प पत्र में बीजेपी ने वादा किया है कि आयुष्मान भारत से पांच लाख का इलाज मुफ्त मिलता रहा है। आगे भी यह योजना जारी रहेगी। इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए 70 वर्षों से ऊपर के सभी वर्गों के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत लाया जाएगा।

### प्लास्टिक बोरे में टुकड़ों में मिला महिला शव

**बालोद (ए.)।** बालोद जिला स्थित कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम अमलीडीह में उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के पास नहर नाली के किनारे प्लास्टिक बोरे में भरी एक अज्ञात महिला की लाश मिली। मृतका के शरीर के कई अलग-अलग हिस्से अधजली हालत में थे। अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी ने धारदार हथियार से उसके शरीर के कई हिस्से कर उसे बोरे में भरकर फेंक दिए थे। कुत्तों द्वारा बोरे को फाड़कर पैर का हिस्सा निकाल लिया था। जिसके बाद बदबू आना शुरू हुई और फिर इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना बालोद की टीम ने पंचनामे की कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम व साइबर टीम भी वहां पहुंचकर जांच में जुट गई। बताया गया कि बोरे में महिला का सिर, हाथ और पैर का हिस्सा मिला है। जिसमें पेट का हिस्सा गायब था। माना जा रहा है कि किसी दूसरे जगह पर महिला की हत्या कर उसके शरीर के कई हिस्से करके उसे बोरी में भर दिया गया और इस स्थान पर लाकर फेंक दिया। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# शिवनाथ नदी पुल पर बड़ा हादसा ट्रक-कार की भिड़ंत, एक की मौत

**भिलाई।** दुर्ग के शिवनाथ नदी पुल पर रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। पुल के ऊपर सुबह लगभग 4:30 बजे दुर्ग से राजनांदगांव की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएम 0901 ने सामने से आ रही ब्लैक कलर की क्रेटा कार क्रमांक सीजी 07 सीएन 2577 को ठोकर मार दी। हादसे में कार सवार एक महिला की मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार अन्य घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि कार की स्पीड़ काफी ज्यादा थी और सुबह पूरी तरह से रोशनी भी नहीं हुई थी। ट्रक राजनांदगांव की ओर जा रहा था इस दौरान हादसा हो गया। टक्कर के बाद



कार के एयरबैग भी खुल गए। कार में प्राशांत पाण्डेय व मीणा सिंह नाम की महिला सवार थी। वे राजनांदगांव की ओर से लौट रहे थे। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलगांव पुलिस ने कार सवार दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। मीणा सिंह नाम की महिला काफी गंभीर थी तो उसे शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### एक्टर सलमान के घर के बाहर फायरिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर रविवार की सुबह अज्ञात बाइक सवारों ने फायरिंग की। सलमान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने 2 बाइक सवारों ने 4 राउंड फायर किए और वहां से भाग गए। फायरिंग घटना की खबर मिलते ही मुंबई पुलिस, क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंच गई। सलमान के घर के बाहर सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। हमलावरों की पहचान करने के लिए आस-पास के सीसी टीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, साथ ही लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। बता दें एक्टर सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग ने जान से मारने की धमकी दी थी। 1998 के काले हिरण के शिकार घटना से बिश्नोई समुदाय नाराज है, जिसका हवाला देते हुए लॉरेंस ने एक टीवी इंटरव्यू में उन्हें मारने की धमकी दी थी। सलमान के साथ पहले महाराष्ट्र पुलिस के जवान रहते थे, लेकिन धमकी मिलने के बाद उन्हें वाय+ कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। इस सुरक्षा घेरे में सलमान के साथ 11 जवान हर समय साथ रहते हैं, इसमें एक या दो कमांडो और 2 पीएसओ भी शामिल होते हैं। सलमान की गाड़ी के आगे और पीछे एस्कॉर्ट करने के लिए दो गाड़ियां हमेशा रहती हैं। इसके साथ-साथ सलमान की गाड़ी भी पूरी तरह बुलेटप्रूफ है।

# न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी

श्रीकंचनपथ




पहले ही स्पष्ट कर दें कि यह राधा वह राधा नहीं है जिनका नाम श्रीकृष्ण के साथ सम्मान के साथ लिया जाता है। वरना लोग पढ़ने से पहले ही गाली बकना शुरू कर देंगे। यह किस्सा राधा नाम की एक नर्तकी से जुड़ा है। वह बहुत सुन्दर थी इसलिए उसका नृत्य देखने के लिए बड़े-बड़े रईस आते थे। इन रईसों को नाच-गाने से कोई मतलब नहीं था। वो तो सिर्फ शाम रंगीन करने के लिए वहां आते थे। राधा को पता था कि ये केवल उसके फैन्स हैं। वह वास्तव में उतना अच्छा नृत्य नहीं करती जितनी इन्होंने अफवाह फैला रखी है। इसलिए जब कलाकारों के मंच पर नृत्य करने का आमंत्रण मिला तो उन्होंने इंकार कर दिया। अब साफ-साफइंकार करना तो मुश्किल था इसलिए उन्होंने शर्त रख दी कि जब तक नौ मन तेल के दीपक नहीं जलेंगे वह नृत्य नहीं करेगी। गरीब कलापारखी न तो नौ मन तेल जुटा पाए और न ही उन्हें कभी राधा का नृत्य देखने का सौभाग्य मिला। इसके बाद यह एक फिकरा बन गया जो लोकोक्ति के रूप में मशहूर हुआ। चुनावी माहौल में कांग्रेस कह रही है कि अगर उनकी सरकार बनी तो नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। यह संभवत: महिलाओं को प्रतिमाह मिल रहे एक हजार रुपए की भाजपा की योजना की काट है। इसके लिए वह फार्म भी भरवा रही है। इसी पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चुटकी ली कि न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी। अर्थात न तो कांग्रेस की सरकार बनेगी और न ही उनकी यह घोषणा पूरी होगी। अब तो कांग्रेस को मान लेना चाहिए कि वह गुड़ रह गई और चेला चीनी हो गया। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने किसानों को खुश कर भाजपा की 15 साल पुरानी सरकार पलट दी थी। 2023 में भाजपा ने किसानों के लिए बहुत बड़े वायदे किये और कांग्रेस की सरकार को 5 साल में ही पैक कर दिया। डबल इंजन सरकार ने सरकार बनने के साथ ही अपनी सब से बड़ी घोषणा को पूरा कर दिया। साथ ही आधी आबादी को साधने के लिए शुरू की गई योजनाओं का भी क्रियान्वयन शुरू कर दिया। बहरहाल, चिंता का विषय यह है कि राजनीति एक बार फिर तुष्टिकरण के घोड़े पर सवार हो गयी है। वही तुष्टिकरण, जिसे भारतीय राजनीति का अभिशाप माना गया है। आम आदमी पार्टी की जिन योजनाओं और घोषणाओं को रेवड़ी कहा गया, आज सभी पार्टियां उसी रास्ते पर चल रही हैं। मुफ्त राशन, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त इलाज और फोकट की बिजली के बाद अब नगदी बांटने की योजनाएं बनाई जा रही हैं। कभी अर्थशास्त्री कहते थे कि महंगी ढुलाई से सभी जिन्सों के दाम बढ़ते हैं। अब उनके मुंह में दही जमा है। 1990 के बाद दुनिया बदल गई और कांग्रेस इसे भांप नहीं पाई, यही उसकी सबसे बड़ी विफलता है।




## संपादकीय

# आम लोगों का भरोसा टूटना अच्छी बात नहीं है...

> केजरीवाल दूसरे दलों के नेताओं के समान खुद को नहीं मानते थे,वह खुद को सबसे अलग मानते थे। वह शुरू में बाकी सभी दलों को भ्रष्टाचार करने वाले और खुद को ईमानदार बताया करते थे। वह अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन ने निकले नेता थे इसलिए देश की जनता को उनसे दूसरे तमाम नेताओं से ज्याादा उम्मीद थी।

जनता मानती थी केजरीवाल वाकई में सबसे ईमानादार नेता हैं। वह देश व राज्य के लिए जरूर कुछ अच्छा करेंगे। कम से कम वह जिस राज्य के सीएम रहेंगे वहां कोई भ्रष्टाचार नहीं होने देंगे। देश की जनता केजरीवाल से भ्रष्टाचार मुक्त शासन चाहती थी और यह चाह केजरीवाल ने ही जनता में पैदा की थी।

जब तक केजरीवाल सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते गए तो जनता सोचती थी कि बाकी नेताओं ने किया होगा, केजरीवाल तो ईमानदार हैं। जब शराब घोटाले के आरोप में केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई तो जनता के भरोसा टूटा और जब कोर्ट ने कह दिया कि भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल की संलिप्तता है तो जनाता का रहा सहा भरोसा भी टूट गया। लोकतंत्र में जनता जिस नेता पर जिस बात के लिए भरोसा करती है, वही बात वह नेता करे तो जनता का भरोसा टूट जाता है। फिर वह बरसों तक किसी नेता पर भरोसा नहीं करती है।केजरीवाल ने जो कुछ किया है या उन पर जो कुछ आरोप लगे हैं,उससे देश की जनता का भरोसा टूटा है और यह कोई अच्छी बात नहीं है।

लोकतंत्र में जनता को अच्छे नेताओं की जरूरत होती है। अच्छे नेताओं होते हैं तो लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। भ्रष्ट नेता तो खुद भी भ्रष्टाचार करते हैं, दूसरों को भी करने की खुली छूट देते हैं और देश व राज्य को लूटते रहते हैं। पहले कम से कम सीएम का नाम तो भ्रष्टाचार में कम ही आता था। अब तो सीधे सीएम का नाम सामने आता है और उनकी गिरफ्तारी भी होती है। इससे जनता को लगता है कि इस नेता ने जो वादा किया था वह पूरा नहीं किया और भ्रष्टाचार कर उसका विश्वास तोड़ा है।

इसका मतलब क्या है,इसका मतलब है कि सत्ता में आते ही सीएम से लेकर मंत्री तक भ्रष्टाचार करने से बच नहीं पा रहे है। जनता की नजर में यह नेता भ्रष्टाचार करके सत्ता के लायक नहीं रह जाते हैं, बाद में जनता इनको चुनाव में नकार देती है तो यह कहते हैं कि ईवीएम में गड़बड़ी कर चुनाव मे उनको हरा दिया गया है। हकीकत में जनता अब सत्ता मिलने पर भ्रष्टाचार करने वाले दलो को नेताओं को पहचानती जा रही है और उनको केंद्र व राज्य में सत्ता से बाहर कर रही है। देश के तमाम नेताओं में पीएम मोदी ही एक ऐसे नेता है जो पहले जितने ईमानदार थे, सत्ता में बीस साल रहने के बाद उतने ही ईमानदार है। उनकी तुलना देश के किसी भी सत्ता में रहनेवाले नेता से की जाए तो सत्ता में रहनेवाले नेता के पास जितनी संपत्ति होगी उसका एक प्रतिशत भी मोदी के पास नहीं होगा। केजरीवाल जनता के लिए भविष्य के मोदी हो सकते थे लेकिन वह 12 साल में ही असफल हो गए। वहीं मोदी 20 से मोदी है, जरा भी नहीं बदले हैं, सत्ता उन्हे नहीं बदल पाई और केजरीवाल को सत्ता ने पूरी तरह बदल दिया। कभी केजरीवाल पीएम मोदी का अनपढ़ राजा कहकर मजाक उडाया करते थे आज वह जेल में है तो पूरा देश उनका मजाक उड़ा रहा है।

## नजरिया

> जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव से पहले दोनों संघ शासित क्षेत्रों- जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की छह संसदीय सीटें यहां की राजनीतिक पार्टियों के लिए सेमीफाइनल बन गई हैं। करीब दस साल बाद इस वर्ष सितंबर तक जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। बहरहाल, इन छह संसदीय सीटों में से दो सीटें- उधमपुर-डोडा-कठुआ और अनंतनाग-राजौरी सीट भाजपा के लिए 'हॉट सीट' बन गई है।

# कश्मीर घाटी में बदली हुई फिजा और चुनावी मुकाबला

अश्विनी कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह उधमपुर-डोडा-कठुआ संसदीय सीट से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पहले चरण में ही 19 अप्रैल को मत पड़ेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी लाल सिंह से उनका मुकाबला है। लाल सिंह भी यहां से पूर्व में दो बार चुनाव जीत चुके हैं। कांग्रेस ने 2014 के चुनाव में उनका टिकट काटकर गुलाम नबी आजाद को मैदान में उतारा था, मगर आजाद भाजपा प्रत्याशी डॉ जितेंद्र सिंह से बुरी तरह हार गए थे। इस बार यहां मुकाबला तिकोना है, क्योंकि गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी ने भी पूर्व मंत्री जी एम सरूरी को खड़ा कर दिया है। जितेंद्र सिंह इस दावे के साथ वोट मांग रहे हैं कि देश की यह पहली संसदीय सीट है, जहां सबसे ज्यादा विकास हुआ है, जिनमें तीन मेडिकल कॉलेज भी शामिल हैं, वहीं कांग्रेस उम्मीदवार लाल सिंह अपनी गिरफ्तारी और सहानुभूति के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वह वोटरों से यह भी कह रहे हैं कि भाजपा बाहरी कारोबारियों को यहां बसाकर आपकी जमीनों का मालिकाना हक उनको दे देगी।

जम्मू-कश्मीर परिसीमन आयोग की 2022 की रिपोर्ट के बाद जम्मू संभाग के दो सीमावर्ती जिलों, पूंछ और राजौरी को जम्मू संसदीय सीट से काटकर कश्मीर के अनंतनाग जिले से जोड़ दिया है और इसका नया नाम अनंतनाग-राजौरी-पूंछ संसदीय सीट रखा गया है। पीडीपी प्रमुख व सूबे की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्व मंत्री व गुज्जर धर्मगुरु मियां अल्ताफ, अपनी पार्टी के जफर मन्हास और



पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद भी यहां से मैदान में हैं। भाजपा ने अभी तक यहां से अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। चर्चा है कि गुलाम नबी आजाद भाजपा और अपनी पार्टी से वार्ता कर रहे हैं, ताकि उनका रास्ता निरापद हो जाए। ऐसे में, यह भी हॉट सीट बन गई है।

अनंतनाग-राजौरी-पूंछ सीट राष्ट्रपति शासन के दौरान गठित हुई है। यहां सबसे ज्यादा गुज्जर-बकरवाल और पहाड़ी मतदाता हैं। अनंतनाग जिले में अधिकतर मतदाता कश्मीरी हैं। भाजपा ने यहां से इसलिए भी अधिक उम्मीदें बांधी हैं, क्योंकि केंद्र ने गुज्जर-बकरवाल को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया है। जम्मू-रियासी संसदीय सीट से दो बार से भाजपा सांसद जुगल किशोर शर्मा तीसरी बार मैदान में हैं। उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार रमन भल्ला से है। श्रीनगर संसदीय सीट भी काफी दिलचस्प बनती नजर आ रही है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने घोषणा की है कि सेहत ठीक न रहने की वजह से वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। ऐसे में, उमर अब्दुल्ला के मैदान में आने की अधिक संभावना है।

इस बार लद्दाख सीट पर भी कड़ी टक्कर होने जा रही है। यह सीट बनाए रखने के लिए भाजपा ने अपना पूरा जोर लगा दिया है। इसमें कोई शक नहीं है कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद कश्मीर में विकास सबसे बड़ा मुद्दा है। भाजपा बता रही है कि कश्मीर में हिंसा घट गई है, पत्थरबाजी रुक गई है और विकास तेज हो गया है। पहले कश्मीर में विकास रुक गया था और पिछड़ों को विकास या सरकारी योजनाओं का कोई फायदा नहीं हो रहा था। बुनियादी रूप से शांति और विकास को गति मिलने का फायदा भाजपा को होता दिख रहा है।

दूसरी ओर, विपक्ष की दलील है कि आर्थिक विकास तो पूरे देश में हुआ है। सरकार या भाजपा ने कश्मीर में कुछ भी अलग से नहीं किया है। यहां जो आर्थिक विकास दिखता है, वह रक्षा या सुरक्षा कारणों से ज्यादा हुआ है। विपक्ष बार-बार मांग कर रहा है कि राज्य का दर्जा कब लौटाओगे? कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बता दिया है कि सरकार में आते ही राज्य का दर्जा लौटाया जाएगा। भाजपा भी उचित समय पर राज्य का दर्जा देना चाहती है। कुल मिलाकर, कश्मीर में अच्छा सियासी माहौल बन रहा है और मतदान प्रतिशत बढ़ना भी तय है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# नवरात्रि और मां अंबे की पर्याय है-बेटियां

> हिंदू पंचांग के अनुसार हम वर्ष में दो बार चैत्र मास तथा क्वांर मास में मां की आराधना से जुड़ते हैं। वर्ष में 18 दिन हर प्रकार से देवी स्तुति करते हुए परिवार की मंगल कामना सहित हम हिंदू धर्मावलंबी पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ अपनी आराध्य मां जगदम्बे की पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।

प्रतिवर्ष नवरात्र आते हैं और चले जाते हैं। हमारी श्रद्धा इस रूप में सामने आती हैं- कि मां हमारे घर आईं और हम पर अपना आशीष बरसाकर कुछ दिनो के लिए चली गईं। फिर मां का आगमन होगा। फिर हम सब अपनी मनोकामना की गठरी मां के समक्ष खोलने आतुर दिखाई पड़ने लगते हैं। मां तुम्हारे आने से किस्मत हमारी खुल गई। मां तुम्हारे दिव्य स्वरूप ने हमे आपके आंचल का स्नेह दिया। इसी तरह के न जाने कितने साधुवाद के साथ हम मां का आशीर्वाद अपने तथा परिवार के लिए मांग रहे होते हैं। इतना ही नहीं नौ दिनों तक पवित्र भावों और निर्मल मन के साथ मां के मन - मोहनी सौंदर्य को निहारते रहते हैं। यही वे नौ दिन हैं जब हम कन्याओं के चरण स्पर्श कर खुद को सौभाग्यशाली समझते हैं। कन्याओं को मान - सम्मान देते हुए हैं ऐसा अनुभव करते हैं मानो साक्षात मां अंबे की सेवा कर रहे हों। इतनी पवित्र भावनाओं के बावजूद उसी मां का नन्हा स्वरूप जब परिवार में कन्या रूप में अवतरित होता है तो अधिकांश परिवारों में दर्द का पर्याय बन जाता है! कन्या का जन्म अशुभ मानने वालों की भी कमी नहीं होती है। हमें मां की आराधना तो स्वीकार है क्योंकि हम उसके चरणों में अपने स्वार्थ की पूर्ति करवाना चाहते हैं, किंतु उसी का धरती में आना और परिवार में जन्म लेना नागवार हो जाता है।

बेटे और बेटियों को समान दर्जा देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर की जाने वाली अपील का भी कोई असर दिखाई नहीं पड़ रहा है! वर्तमान समय में अनेक परिवारों में नन्हीं और प्यारी सी बिटिया के जन्म लेते ही परिवार की खुशियां न जाने कहां गायब हो जाती हैं। होठों की मुस्कान फुर्र हो जाती है। आंखों में उदासी का प्रतिबिंब तैर जाता है। मस्तक पर चिंता की लकीरें खिंच जाती हैं! लक्ष्मी और दुर्गा का प्रतिरूप समझी जाने वाली वही नन्हीं बच्ची परिजनों की बेरुखी और कटाक्ष को झेलती दिखाई पड़ती है! बेटे की तुलना में उस नन्हीं सी जान का अपमान करने से भी मनुष्य पीछे नहीं रहता है! आज 21 वीं सदी में भी हम बेटी पराए घर की अमानत जैसी पुरातन सोच का लबादा ओढ़े हुए हैं! हमारी यही सोच दिन - प्रति - दिन शिक्षा से लेकर हर प्रकार के हुनर में आगे बढ़ रही बेटी के विकास में रोड़ा बनने लगता है ! बेटियों की इच्छाओं का कोई मोल नहीं समझा जा रहा है , जबकि वही बेटी अब अपने माता - पिता के दुर्दिनों में साथ खड़ी दिखाई पड़ रही है। कन्या जन्म की विडंबना यहां तक क्रूर रूप ले चुकी है कि उसे कोख में ही मार दिया जाता है ! बेटियों को मारकर नवरात्रि में कन्या पूजन की चाहत रखने वालों की भी कमी नहीं है ! स्थिति यहां तक बिगड़ चुकी है कि बेटे को दूध - बादाम तथा बेटी को सादे खाने पर पाले जाने की परंपरा भी स्पष्ट दिखाई पड़ने लगी है!

हम इस सच्चाई से मुंह नही मोड़ सकते कि वर्तमान समय में स्वार्थपरता ने लगभग सभी पर शासन करना शुरू कर दिया है! सहनशीलता, दृढ़ इच्छाशक्ति , कार्य निष्ठा के साथ असंभव को संभव बनाने वाली मातृ शक्ति, पुरुष को जन्म देकर पुरुष के द्वारा ही छली जाति है! अपने बेटे को समर्थ बनाने वाली उसी के रूप और भावों को नहीं समझ पाती है! कारण यह कि मां रूपी नारी का हृदय सदैव निर्मल बना रहता है। मेरा यह लेख सभी परिवारों का आंकलन नहीं है, किंतु फिर भी दहेज के नाम पर कोई बेटा नहीं जलाया जाता! बलिवेदी पर बेटियों की ही बलि चढ़ाई जाती है! गर्भ में बेटियों की ही हत्या की जाती है, बेटों की नहीं! समाज में व्याप्त सारी बंदिशें, सारी रुकावटें बेटियों के मार्ग में ही रोड़ा अटकाती रही हैं! समाज में व्याप्त इस तरह की दूषित मानसिकता का अंत कभी होगा भी या नहीं? हमारे मानवीय समाज को यह समझना होगा कि बेटियां ही इस धरती का अनमोल खजाना हैं! बेटियां ही ज्ञान की प्रदिप्ति हैं! हमें केवल उन्हें उड़ान देने की जरूरत है। पंख तो वे स्वयं लेकर ही आती हैं। बेटियां उस खुशहाली का प्रतीक हैं जो परिवार को महकाया करती हैं। यदि हम नवरात्रि पर्व पर कन्याओं को पूजना चाहते हैं। उनका आशीर्वाद लेना चाहते हैं तो उन्हें सम्मान एवं अधिकार देना ही होगा।

मानवीय समाज को यह बात स्वीकार करनी होगी कि माता - पिता की जिंदगी खुशियों से भर देने के साथ बेटियां पिता की जिंदगी के कुछ साल भी बढ़ा देती हैं। यह केवल भावनाओं में में कही जाने वाली बात नही बल्कि पोलैंड की जेगी लोनियन यूनिवर्सिटी के अध्ययन में दावा किया गया है कि बेटियों के पिता उन लोगों के मुकाबले लंबी उम्र जीते हैं, जिनके पास बेटियां नहीं होती हैं! सर्वे में यह भी दावा किया गया है कि पिता की सेहत पर बेटा होने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता किंतु बेटी के जन्म पर पिता की उम्र 74 सप्ताह बढ़ जाती है! बेटियों को लेकर वैसे भी कहा जाता रहा है :- बेटियां सब के मुकद्दर में कहां होती हैं, जो घर ईश्वर को पसंद हो, बेटियां तो वहीं होती हैं! बेटियों को लेकर एक कटु सत्य जो मैने अब तक के अपने जीवन में महसूस किया है वह है - घर की सुंदरता और स्वच्छता सिर्फ स्त्रियों के साथ बेटियो को ही ईश्वर ने प्रदान की है। जिस घर में बेटियां जन्म लेती हैं वह घर स्वच्छता के दृष्टिकोण से उन घरों से अच्छा होता है, जहां बेटियां नहीं होती हैं! यह भी कहा जा सकता है कि बेटियों के न होने से घर की दशा दयनीय होने की आशंका प्रबल रहती है! मैं यदि बेटियों की संतुष्टि की बात करूं तो उनका स्वभाव उस प्लेट की तरह होता है जी छिछली होने के कारण थोड़े में ही भर जाती है। दूसरी ओर बेटा उस अंधेरे कुएं से कम नहीं होते जिसमे जितना भी डालो समाता चला जाता है ! मां जगदम्बे की आराधना का पर्व नवरात्रि हमें यह संदेश देता है कि बेटियों को उनका प्रतिरूप मानकर केवल नवरात्रि में स-सम्मान भोजन आदि कराकर पुण्य कमाने की सोच का त्याग कर दें। यदि मां अंबे की कृपा की चाह रखते हों तो बेटियों के लिए 365 दिन नवरात्रि का पर्व समझकर उन्हें स्नेह प्रदान करें।

**( लेख का स्त्रोत आरएनएस हैं )**

## 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहब के जन्मदिन पर विशेष

# संविधान की सफलता जनमत पर निर्भर-डॉ. अंबेडकर

रघु ठाकुर



14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहब का जन्मदिन है। किसी व्यक्ति का जन्मदिन अपने आप में महत्व का नहीं होता बल्कि वह इन प्रतीक दिनों पर उनके कामों की चर्चा, उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा करने का एक निमित्त होता है। बाबा साहब की प्रासंगिकता उनके जीवन काल के बाद निरंतर बढ़ रही है और अपने अंतिम जीवन काल में वे जितने अकेले और निराशा में थे, अगर आज वे जिंदा होते तो शायद उस अकेलेपन या सामाजिक मान्यता के अभाव की निराशा से मुक्त हो चुके होते। क्योंकि-कुछ ऐसी स्थिति का निर्माण हुआ है की भले ही कोई उन्हें ना मानने वाला हो या उनका आलोचक भी हो पर उनके विरुद्ध बोलने का साहस नहीं कर सकता।

इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि डॉक्टर अंबेडकर के समर्थन की सीमाएं अब महाराष्ट्र या उसके सीमाई क्षेत्र से बाहर निकल कर उत्तर भारत में भी पहुंची है। और हिंदी प्रदेश विशेषत: उत्तर प्रदेश, हरियाणा में उनके समर्थकों या मानने वालों की संख्या में खासी वृद्धि हुई है। साथ ही उनके समर्थकों में एक विशेष प्रकार की एकजुटता व आक्रामकता भी आई है। जिससे उनकी खिलाफत करने वाले भी बचते हैं। अनुसूचित जाति के उनके समर्थक वोट भले ही किसी को देते हों परंतु बाबा साहब उनके लिए एक प्रेरणा का स्रोत व स्वाभिमान के प्रतीक हैं। और देश में शायद सर्वाधिक स्वप्रेरणा से उनकी छोटी बड़ी प्रतिमाओं का निर्माण उनके मानने वालों ने अपने-अपने इलाकों में किया है। अगर किसी नेता की प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने पर सबसे तीखी व उग्र प्रतिक्रिया होती है तो वह बाबा साहब के समर्थकों की होती है।

दरअसल पिछले 10 वर्षों से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार के कामकाज से देश के पढ़े-लिखे तबके और वंचित व अल्पसंख्यक तबकों में यह भावना पनपी है (सही या गलत) कि मोदी सरकार संविधान को बदलना चाहती है और एक धर्म का देश बनाना चाहती है, जो सरकार की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घोषित लक्ष्य रहा है। सरकार के कामकाज के तरीकों से इस आशंका को बल मिलना स्वाभाविक है। जिस प्रकार पिछले वर्षों में विशेषत: नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में देश की संवैधानिक और लोकतांत्रिक परंपराओं को बलाए ताक रखा गया है, प्रतिपक्ष को खत्म करने या घुटने टेक करने का प्रयास किया गया है, संविधान प्रदत्त देश के संघीय ढांचे को एक केंद्रीय या एकात्मक ढांचे में बदलने के प्रयास चल रहे हैं, सरकारी जांच संस्थाओं का प्रयोग एकपक्षीय हो रहा है, मीडिया को केवल सत्ता प्रचार का माध्यम बनने तक सीमित किया जा रहा है। राजनीति और चुनाव में धन (काला या सफेद )और कारपोरेट की भूमिका जिस तेजी से बढ़ रही है। उससे इस आशंका को वास्तविक खतरा महसूस करने के तार्किक कारण बनते हैं। और इसलिए जो लोग संविधान को बदलना चाहते हैं या संविधान को दरकिनार कर उसकी भावना व आत्मा को मारकर केवल शब्दों से खेलना चाहते हैं वे भी बेमन से या रणनीति के तहत ही सही ऊंची आवाज में बाबा साहब का नाम उच्चारण करते हैं और उनकी पाषाण प्रतिमाओं की पूजा करते हैं।

दूसरी तरफ सत्ताकांक्षी प्रतिपक्ष जो अपने राजनीतिक जनाधार को बचाए रखने के लिए बाबा साहब के नाम का इस्तेमाल कर रहा हैं वह भी भले ही बाबा साहब के विचार को न मानता हो परंतु उनका इस्तेमाल कवच व तलवार के रूप में करता है। उसके लिए एक शाब्दिक जुमला चलाया गया है कि बाबा साहब का संविधान और अनुसूचित जाति के मतदाताओं में यह बात पहुंचाने का प्रयास करता है कि यह संविधान केवल बाबा साहब की निर्मिति है और उनके विचारों की प्रतिध्वनि है। सत्ता पक्ष अपनी जातीय व सांप्रदायिक सोच के कारण बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहता है। सत्ताकांक्षी प्रतिपक्ष भी भले ही बाबा साहब को न मानता हो उसके वैचारिक या सैद्धांतिक आदर्श भले ही बाबा साहब जैसे ना हो परंतु वह कम से कम अपने वोट के लिए अपने आधार को बचाने के लिए बाबा साहब के नाम का भजन तो करता है। आज यह विचार करना चाहिए कि क्या हम आर्थिक व सामाजिक समानता प्राप्त कर सके हैं? बाबा साहब चाहते थे कि संविधान में समाजवाद के प्रावधानों को वाध्यकारी रूप में शामिल किया जाए। पर क्या आज का सत्ता पक्ष या सत्ताकांक्षी प्रतिपक्ष इसके लिए तैयार है? और है, तो कहे कि हम सब मिलकर देश की आर्थिक, सामाजिक विषमता को मिटाने वाले प्रावधान संविधान में शामिल करेंगे। जो बाबा साहब करना चाहते थे, परंतु तात्कालिक परिस्थितियों में नहीं कर सके थे। बाबा साहब का मत था कि आने वाली पीढ़ी अपने विचारों के अनुसार परिवर्तन चाहेगी और उसे स्थाई रूप से अतीत का बंदी नहीं बनाना चाहिए। याने हर कालखंड की युवा पीढ़ी को अपने सोच व निर्ष्कषों को प्रयोग करने का अधिकार व व्यवस्था होना चाहिए।

बाबा साहब तो राजकीय समाजवाद चाहते थे याने ऐसे प्रावधान जिसमें समता कानूनी बाध्यता हो। और आज का सत्ता पक्ष व सत्ताकांक्षी प्रतिपक्ष तो राजकीय पूंजीवाद स्थापित कर रहा है। सांप्रदायिक सोच व एक धर्म का राष्ट्र निर्माण करने वाली जमातें संविधान को प्रतिदिन जलाने जैसा काम कर रही है। और उनके मन में यह प्रबल आकांक्षा है कि बाबा साहब के आक्रोश में व्यक्त किए गए शब्दों की ओट में संविधान के वर्तमान मूल ढांचे को बदल दें। धर्मनिरपेक्षता के बजाय हिंदू राष्ट्र, समाजवाद और लोकतांत्रिक शब्दों को ही प्रस्तावना से हटाकर वर्तमान संघीय ढांचे को ही समाप्त कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मूल सपने के अनुसार यूनेटरी संविधान याने शक्तिशाली केंद्र व कमजोर राज्य, होना चाहिए। जैसा प्राचीन काल में होता था कि एक महाराजा उनके नीचे छोटे-छोटे राजा वैसा ही परिवर्तित संविधान बना लें। यह भी खुश-पुश चर्चा है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ देश के संघीय संसदीय लोकतंत्र के वर्तमान स्वरूप को बदलकर अमेरिका जैसी राष्ट्रपति प्रणाली में बदलना चाहता है। संविधान से याचिकाओं के प्रावधान को जो न्याय पालिका को विधानेतर, न्याय संगत हस्तक्षेप का अधिकार देता है को भी हटाना चाहते हैं। दूसरी तरफ सत्ताकांक्षी प्रतिपक्ष केवल बाबा साहब के नाम जप व संविधान बचाव का हल्ला पीटकर उन अनुसूचित जाति के मतदाताओं का समर्थन हासिल करना चाहते हैं जिनका मत प्रतिशत देश में लगभग 17 प्रतिशत है और जो बाबा साहब को अपना मुक्तिदाता मानते हैं और उनके नाम के बहाव में वह सकते हैं। बाबा साहब का जो महत्वपूर्ण तीसरा निष्कर्ष था उसे नजर अंदाज किया जाता है कि संविधान की सफलता, असफलता संविधान की किताब या पोथी पर नहीं बल्कि उसे लागू करने वालों की नियत, क्षमता व योग्यता पर निर्भर होगी। और उन लोगों के सामर्थ्य का निर्णय अंततः जनमत ही करेगा। सच्चाई यह है कि दलित और पिछड़ी जातियों से जो लोग सत्ता में आए उनमें से चंद अपवादों को छोड़ दें तो अधिकांश ने समग्र समाज को आगे ले जाने के बजाय खुद को और अपने परिवार को उच्च वर्णीय ढांचे में ढाल लिया, इसीलिए वे अपनी समाज के वैचारिक नेता नहीं हैं। जाति से उपजा नेता पदाधिकारी हो सकता है, सत्ताधीश हो सकता है परंतु नेता नहीं हो सकता। नेता वही हो सकता है जो व्यापक समाज की तरक्की के लिए अपने आप को, अपने परिवार को कुर्बान करने के लिए तैयार हो। महात्मा गांधी और डॉक्टर अंबेडकर में यह साम्य है कि गांधी ने जो भी किया वह अपनी समझ से दुनिया और देश के लिए किया, स्वयं के लिए और अपने परिवार के लिए कुछ भी नहीं किया। इसी प्रकार बाबा साहब ने जो भी किया अपनी समझ से अपने समाज के उत्थान और देश के लिए किया खुद को या अपने परिवार के लिए कुछ भी नहीं किया।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

> संविधान को लेकर जो शंकाएं हैं और जो आसन्न संकट है वह भयावह है। परंतु उनका सामना करने के लिए और भारतीय लोकतंत्र के समक्ष उत्पन्न नई चुनौतियों के मुकाबले के लिए निम्न मुद्दे लक्षित हैं...।
>
> **1.**
>
> अनुसूचित, जाति जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोग अपने मानसिक पिछड़ेपन से मुक्ति के लिए सांस्कृतिक अभियान चलाएं। कभी इस पर विचार करें की कावड़ यात्रियों में, बजरंग दल में मंदिर आंदोलन में बहुमत हिस्सेदारी अनुसूचित जाति और पिछड़ी जातियों की क्यों होती है? और अगर यह चेतना पैदा नहीं होगी तो लोकतंत्र की रक्षा कैसे होगी? अगर पीड़ित और वंचित लोग ही सत्ता और श्रेष्ठता के छोटे-छोटे अपने स्वार्थ के लिए पिछलग्गू बने रहेंगे तो यह मानसिक और सांस्कृतिक क्रांति कैसे संभव होगी?
>
> **2.**
>
> वैश्विक पूंजीवाद के नव उभार और विश्व, व्यापीकरण के बाद अब गांधी और अंबेडकर को बांटकर देखने की नहीं बल्कि साथ लेकर चलने की जरूरत है। महात्मा गांधी और बाबा साहब के बीच डॉक्टर लोहिया एक वैचारिक सेतु जैसे हैं जो इस उद्देश्य के लिए सर्वाधिक प्रासंगिक हैं।
>
> **3.**
>
> अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़ी जातियों को आपसी भाईचारा और बंधुत्व बढ़ाने के लिए अंतरजातीय विवाहों की बड़े पैमाने पर शुरुआत करनी चाहिए। जाति के विनाश के लिए अंतरजातीय विवाह सबसे कारगर उपाय है। यह कितना विचित्र है कि अगर अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति के बीच कोई शादी विवाह कर ले तो झगड़ा ही नहीं होते वरन कत्ल तक हो जाते हैं, परंतु अगर वे उच्च जाति में शादी करते हैं इसे न केवल स्वीकारते हैं वरन् इस पर गौरवान्वित महसूस करते हैं।
>
> **4.**
>
> अनुसूचित जाति पिछड़े वर्ग के मतदाता तय करें कि हमारा नेता पूंजीवादी मानसिकता का नहीं होगा। जातिवादी और परिवारवादी नहीं होगा। हम उसे ही अपना नेता स्वीकार करेंगे जो चार बीमारियों से मुक्त हो जातिवाद, परिवारवाद, पूंजीवाद और अंधविश्वासी पुरोहितवाद। ऐसा नेतृत्व पैदा करना जनमत का काम है और वही जनमत न केवल वर्तमान संविधान और लोकतंत्र को बचा सकता है, बल्कि बाबा साहब की कल्पना के आदर्श समाजवादी संविधान के सपने को जमीन पर उतर सकता है।
>
> **यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।**

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी





JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Industrial Training Institute
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### मोहला के बच्चों ने अपने पालकों से की मतदान करने की अपील

**मोहला।** सशक्त व मजबूत लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान होना आवश्यक है। इसलिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मोहला विकासखंड के विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता, दादा-दादी, घर के बड़ो एवं पालकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपील पत्र लिखा है। पालकों द्वारा जवाब में अपने बच्चों के आग्रह को स्वीकार करते हुए 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प पत्र दिया गया। उल्लेखनीय है कि, स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत हर नागरिक को मतदान के महत्व को बताने के लिए की जा रही गतिविधियों में से एक गतिविधि स्कूल शिक्षा विभाग विकासखंड मोहला द्वारा विद्यार्थियों के माध्यम से अपने घर के बड़े बुजुर्गों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया। स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला राजेंद्र कुमार देवांगन ने जानकारी दिया कि मोहला के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के सभी विद्यार्थियों ने अपने पालकों को अपील पत्र लिखकर अपने मतदान का प्रयोग करने की अपील की है। मतदाता जागरूकता के इस गतिविधि में लगभग 5200 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनो पालकों को अपील पत्र लिखा है।

### सी-विजिल एप्प के संबंध में प्रोग्रामर्स एवं आपरेटर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके तहत विभिन्न कार्यों के संपादन के लिए एक ओर जहां टीमों का गठन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों के संपादन के लिए उन टीमों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी लोकसभा 2024 के लिए सी-विजिल, इनकोर के संबंध में प्रोग्रामर्स को एनआईसी के अधिकारी आशीष वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में तकनीकी प्रोग्रामर्स एवं आपरेटर्स को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दौरान एप्प से संबंधित तकनीकी पहलुओं एवं सभी प्रकार के डाटा एण्ट्री से संबंधित कार्यों के निष्पादन की विस्तृत जानकारी दी गई। गौरतलब है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग की ओर से सी-विजिल मोबाइल एप की सुविधा की गई है।

### मेडिकल कैंपः 210 दिव्यांगों का बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी के नेतृत्व में सारंगढ़ के सामुदायिक अस्पताल में द्वितीय शनिवार को मेडिकल कैंप आयोजित हुआ। इस कैंप में 271 दिव्यांगों का पंजीयन हुआ, जिसमें 210 दिव्यांगों का यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनेगा। इस जांच टीम में जिला मेडिकल बोर्ड रायगढ़ के डॉ अशोक कुमार अग्रवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ मीना पटेल, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ दिनेश पटेल, अस्थि रोग विशेषज्ञ, चक्रधर पटेल, ऑडियो मेट्री टेक्नीशियन, नेल्सन गुप्ता, श्रवण बाधित, तकनीकी सहायक, शिवा बरेठ, कार्यालय सहायक, वेद प्रकाश साव, यूडीआईडी तकनीकी ऑपरेटर का विशेष योगदान रहा।

# तपती धूप में खाली पैर जनता से पीएम मोदी के लिए आशीर्वाद माँग रहीं भावना

श्रीकंचनपथ न्यूज

पंडरिया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह देश के लिए तपस्या कर रहे हैं, उसी तरह पंडरिया क्षेत्र की भाजपा विधायक भावना बोहरा भी पार्टी के लिए लगातार तपस्या कर रही हैं। वे तपती धूप में निर्जला एवं खाली पैर रहकर गांव गांव तथा गली गली में घूम घूमकर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के लिए लोगों से मतदान की अपील कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी से प्रभावित भावना बोहरा पहली बार पंडरिया सीट से विधायक चुनकर आई हैं, लेकिन उनकी कार्यशैली किसी मंजे हुए जनप्रतिनिधि की तरह है। प्रधानमंत्री मोदी हर नवरात्रि में निर्जला व्रत रखते हैं। विधायक भावना बोहरा भी नवरात्रि में निर्जला व्रत रखती हैं।



और तो और उन्होंने नौ दिनों के लिए चप्पल जूती तक का भी त्याग कर दिया है। इतनी भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में भी भावना बोहरा खाली पैर चलती हैं। जब धरती आग की तरह गर्म हो जाती है तब भी भावना बोहरा अपने शरीर और पैरों की परवाह न करते हुए पार्टी के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहीं है।

वे रोजाना अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनता के बीच गांवों में पहुंचती हैं और गली गली पैदल घूमते हुए लोगों से जीवंत संपर्क करती हैं। चेहरे पर वही ओज, वही मुस्कान बरकरार रहता है, जैसा कि आम दिनों में। भावना बोहरा की यह कठिन तपस्या ग्रामीणों को सहज ही आकर्षित कर रही है उन्हें अपने बीच पाकर महिलाओं, युवतियों और नव मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। अल सुबह विधायक भावना बोहरा अपने निवास से गांवों की ओर निकल पड़ती हैं और अपने तय कार्यक्रम के अनुरूप जब तक गांवों में जनसंपर्क पूरा न कर लें, घर नहीं लौटतीं। नवरात्र के उपवास के बीच खाली पैर चलकर लोगों से लोकसभा चुनाव में मोदी के लिए आशीर्वाद मांगती गांव गांव और गली गली घूम रहीं भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिटीपुर, बिरनपुर, बिटकुली, गुढ़ा, तमरुआ, कुंआ, कोयलारी, बिपतरा, मरका, चचेड़ी, कोसमंदा समेत अन्य गांवों में जनसंपर्क किया। कई गांवों में जहां बुजुर्ग माताओं ने उनके सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया, वहीं महिलाओं ने उन्हें गले लगाकर भाजपा को साथ देने का संकल्प व्यक्त किया। इससे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान भी शारदीय नवरात्रि में भावना बोहरा ने पूरे नौ दिनों तक निर्जला व्रत रखा था। तब भी वे खाली पैर रहकर अपने चुनाव प्रचार में गांव गांव घूमती नजर आई थी ।

### नव मतदाताओं और महिलाओं पर सकारातमक प्रभाव

वहीं दूसरी ओर नव मतदाता, युवाओं और महिलाओं के बीच उनका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। उनकी कार्यशैली, जनसेवा के कार्यों एवं जनता के प्रति संवेदना को देखकर युवा मतदाता उनसे ज्यादा प्रभावित हो रहें हैं और भाजपा की ओर उनका समर्थन व झुकाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। उनके साथ सेल्फी लेते हुए राजनीति के क्षेत्र में रूचि रखने वाले युवा उन्हें एक प्रेरणा के रूप में देख रहें हैं और भावना बोहरा भी किसी को निराश नहीं करतीं और मुस्कुराते हुए उनके साथ सेल्फी लेकर उन्हें प्रेरित कर रहीं हैं। भावना बोहरा अब तक अपने निर्वाचन क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्र से लेकर दूरस्थ क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों का दौरा कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में जबरदस्त माहौल बना चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति क्षेत्र के युवाओं, बुजुर्गों महिलाओं समेत हर आयु वर्ग के लोगों में अथाह समर्थन देखने को मिल रहा है।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता को मोदी की गारंटी में हमने जो वादा किये हैं वह पूरे हो रहें हैं विगत पांच वर्षों में हमने छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस के कुशासन में जो बदहाली देखी, जनता के अधिकारों का हनन हुआ, विकास कार्य ठप्प थें और भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी चरम पर थी उसमें अब अंकुश लगाने का काम हमारी सरकार कर रही है। पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनता के हित व अधिकारों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का सञ्चालन हो रहा है द्य महिलाओं को सशक्त और किसानों को समृद्ध बनाने के साथ ही छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिल रहा है। विदित हो की भावना बोहरा द्वारा अपने क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्यों के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ द्वारा पारित बजट में भी पंडरिया विधानसभा के 150 किमी से अधिक सड़कों, पुल-पुलिया के निर्माण, सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी के लिए क्रांति जलाशय व सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य का भूमिपूजन, कांग्रेस सरकार द्वारा रोके गए डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन हेतु 300 करोड़ की स्वीकृति भी दी गई है जो क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।

# महिलाओं को सम्मान व बराबरी का हक दिलाने कांग्रेस तत्पर : ज्योत्सना

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के द्वारा संसदीय क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क लगातार जारी है। सांसद ने प्रगतिनगर दर्री, अयोध्यापुरी, स्याहीमुड़ी, बरेडीमुड़ा, श्यामनगर आदि क्षेत्रों में व्यापक दौरा करते हुए उपस्थित जनता को संबोधित किया। सांसद ने कहा कि आप सबको अपने हक के लिए लड़ाई लडऩी है। देश का संविधान खतरे में है और लोकतंत्र को बचाने के लिए केन्द्र में कांग्रेस की सरकार चुनकर लाना है।



मोदी जी अपनी गारंटी अपने 25 वर्ष 2047 तक पूरा करने की बात कह रहे हैं तो यह सब अजब और झूठ लगता है। 10 साल से मोदी की सरकार बैठी है लेकिन आज तक कोई गारंटी पूरी नहीं किए लेकिन कांग्रेस सरकार बनते ही सारे संकल्प पूरे किए जाएंगे। सांसद ने कहा कि देश में 140 करोड़ की आबादी में 70 करोड़ महिलाएं हैं जिनके सम्मान और बराबरी के लिए कांग्रेस तत्पर है। हमने 5 न्याय और 25 गारंटी को पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें महिलाओं को बराबरी का अधिकार देकर 50 प्रतिशत आरक्षण देंगे। कांग्रेस की सरकार बनते ही प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला के खाते में सम्माजनक राशि 8333 रुपए 5 साल में 5 लाख रुपए दिया जाएगा।

युवाओं को रोजगार देने के लिए 5 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे जिसमें हर जिले के लिए राशि जारी होगी ताकि युवा अपना उद्योग भी स्थापित कर सकें। इस दौरान उपस्थित क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने भी अपनी बातें रखते हुए कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का आह्वान किया ताकि देश में आने वाले संवैधानिक संकट को टाला जा सके। जनसंपर्क के अवसर पर स्थानीय लोगों के द्वारा सांसद का आत्मीय स्वागत पुष्पगुच्छ व पुष्पहार भेंट कर किया जाता रहा। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस कमेटी कोरबा ब्लाक अध्यक्ष संतोष राठौर, भोला यादव, पूजा श्रीवास्तव, ललिता गभेल, संगीता श्रीवास, पूनम यादव, अजीत सिंह, शशि किरण, दीपाली बंजारे, हर कुंवर साहू, मीना देवी, संगीता यादव, निर्मला दुबे, कांति यादव, संतोषी धीवर, गायत्री विश्वास, पूजा श्रीवास्तव, कुंती गोप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बृजमोहन अग्रवाल का लगातार जनसंपर्क अभियान, मिल रहा लोगों का आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री दक्षिण विधायक और रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल लोकसभा के मद्देनजर लगातार जनता के बीच पहुंच रहे हैं वे जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं एवं जन समस्याओं और सुझावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने एक टोल फ्री नंबर भी जारी किया है जहां जन सुझावों को गंभीरता से सुना एवं उस पर क्रियान्वयन किया जा रहा है ।



लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अपने जनसंपर्क की स्मृतियां साझा करते हुए कहा की रायपुर लोकसभा की जनता से मिल रहे अपरिमित स्नेह और सहयोग से अभिभूत हूं रायपुर लोकसभा की जनता यह अहसास ही नही होने देती की हम चुनावी मैदान में उतर कर मतदान हेतु जन संपर्क कर रहे हैं जहां जाता हूं लोकसभा क्षेत्र की जनता मुझे अपने परिवार के वरिष्ठ सदस्य की तरह स्नेह प्रदान कर रही है जगह जगह महिलाएं आरती उतार रही हैं।

बुजुर्ग तिलक और पुष्प माला के साथ बृजमोहन से अपने पन के साथ भेंट करते हैं , युवा और बच्चे मेरे साथ सेल्फी लेने उत्साह के साथ आते हैं और उन सभी का बेहतरीन प्रतिसाद भाव विभोर कर देता है रायपुर लोकसभा की जनता का स्नेह देखकर मैं दावे के साथ कह सकता हूं की भारतीय जनता पार्टी और बृजमोहन अग्रवाल रायपुर लोकसभा से ऐतिहासिक जीत की बढ़ रही है और निश्चित ही रायपुर लोकसभा से एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा मैं भी रायपुर लोकसभा की जनता से वादा करता हूं की परिवार के वरिष्ठ सदस्य की तरह एक पालक की तरह लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्र वासियों की समस्या के निदान के लिए पूर्व की तरह सदैव चौबीसों घंटे उपलब्ध रहूंगा।

# लैंडमाइन बिछाकर हासिल नहीं हो सकता बस्तर के विकास का लक्ष्य : विजय शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि लैंडमाइन बिछाकर बस्तर के विकास का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। सचमुच ही माओवादी अगर बस्तर के विकास और खुशहाली के पक्षधर हैं तो उन्हें बारूद और बंदूक का रास्ता छोड़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर यकीन करना होगा। आज बस्तर नक्सलियों के बिछाए गए लैंडमाइन से लहू-लुहान है। विनाश छोड़कर उन्हें विकास का रास्ता अपनाना ही होगा। उपमुख्यमंत्री बीजापुर मे आईडी ब्लास्ट से एक मजदूर की मौत व एक अन्य के घायल होने की घटना पर चिंता व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने घायल का समुचित इलाज कराए जाने का आश्वासन दिया।

12 अप्रैल को जिला बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुमरी पालनार (थाना से लगभग 17 किमी. पूर्व दिशा) में लगभग 12



बजे पुलिया निर्माण कार्य में लगे मजदूर मुन्ना भारती (उम्र 52 वर्ष) ग्राम छोटेदेवड़ा, थाना बकावंड, जिला बस्तर के आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से गंभीर रूप घायल हो गया था। जिसे उपचार हेतु नेलसनार हास्पिटल लाया जा रहा था, रास्ते में ही मृत्यु हो गई। जिसका पोस्टमार्डम नेलसनार में कराया जा रहा है। उक्त घटना में 1 और मजदूर दिनेश कश्यप पिता अमल साय कश्यप उम्र 31 वर्ष निवासी छोटेदेवड़ा विकासखंड बस्तर जिला बस्तर के बायीं कॉन में सुनाई नहीं दे रहा हैं। मजदूर का ईलाज मिरतूर अस्पताल में चल रहा है।

मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहरा रहा हूं कि आईईडी नहीं पहचानता कि इस पर पैर रखने वाला कौन है, इसका शिकार बड़ी संख्या में बस्तर के आदिवासी भाई और मवेशी हो रहे हैं। लगातार आईईडी ब्लास्ट की घटनाएं हो रही हैं , जो सरकार के साथ हर उस व्यक्ति के लिए चिंता का विषय है जो लोकतान्त्रिक मूल्यों की परवाह करता है।

### विनाश के रास्ते से नक्सलियों को कुछ हासिल नहीं होने वाला

गृहमंत्री विजय शर्मा ने आगे कहा है कि यह विनाश के रास्ते से नक्सलियों को कुछ हासिल नहीं होने वाला। नक्सलियों को विकास के लिए अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। यह भूमिका हिंसा का रास्ता छोडकर ही संभव है।

# सिपेट से 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे कमार और आदिवासी बच्चे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के आदिवासी और कमार बच्चों को हुनरमंद बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते 8 अप्रैल को जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह के 50 विद्यार्थी एवं कमार आवासीय विद्यालय नगरी के 3 विद्यार्थी इस प्रकार कुल 53 विद्यार्थियों जिसमे 31 बालिकाओं और 22बालको को राजधानी रायपुर स्थित सिपेट के जरिए प्लास्टिक प्रोसेसिंग एवं रिसाइक्लींग प्रशिक्षण प्राप्त करने राजधानी रायपुर भेजा गया।

प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे छात्र छात्राओं काजल, श्वेता, सोनल, प्रीति और सौरभ, रितेश, राघवेंद्र, शेखर, सागर और अभिषेक ने कहा की जिला प्रशासन द्वारा हमें हुनरमंद बनाने के लिए जो प्रयास किया गया है, वह सराहनीय है। इसके लिए हम जिला प्रशासन का धन्यवाद करते है की ग्रामीण अंचल से निकल कर सिपेट ऐसे प्रतिष्ठित और बड़े संस्थान में हमें प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। संस्थान में आयोजित चर्चा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह के छात्र अभिषेक ने कमार बोली में अनुभव साझा करते हुए बताया की यंहा आकर हमने सिंगल यूज़ प्लास्टिक और अन्य प्लास्टिक का बारे में जाना। साथ ही हमें प्रोसेसींग यूनिट, में प्लास्टिक से बनने वाली चीजों के बारे में भी बताया गया। मशीनों द्वारा किये जाने वाले कार्यों आदि के बारे में भी बताया गया। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों ने भी पूरा सहयोग दिया।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### एनएसयूआई ने खोला मोर्चा, पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी का किया घेराव

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से संचालित पांच वर्षीय बीए. एलएलबी कोर्स के भाग तीन और पांच विषम सेमेस्टर में निराशाजनक परिणाम आया है। परिणाम को लेकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की आशंका जताते हुए छत्तीसगढ़ एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन का घेराव कर आंदोलन किया। एनएसयूआई ने कार्यकर्त्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से जारी परिणाम में बीए.एलएलबी भाग तीन और पांच के विषम सेमेस्टर का परिणाम 36.26 और 41.72 प्रतिशत है, जबकि अन्य भाग का परिणाम 65 प्रतिशत से ऊपर है। इसे एक महीने पहले जारी किया गया था। वहीं भाग तीन और पांच का विषम सेमेस्टर का परिणाम कुछ ही दिन पहले जारी किया है, देरी से जारी होने साथ-साथ अतिनिराशाजनक परिणाम जारी किया गया है। साथ ही विषम सेमेस्टर में 171 विद्यार्थियों में 109 और 163 विद्यार्थियों में 95 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम एटीकेटी है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि जारी रिजल्ट का एक बार फिर मूल्यांकन की सुविधा दी जाए। उत्तर पुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन राज्य के अन्य विश्वविद्यालय के प्रशिक्षित प्राध्यापकों की ओर से निष्पक्ष रूप से करने की मांग किया गया है। इसे लेकर छात्र और एनएसयूआई ने प्रदेश सचिव भक्तेश्वर वैष्णव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुनेश्वर लहरे, अंकित बंजारे, खुशांत मंजरे, विक्रम श्रीवास, यश कोसले, अंशुमान प्रताप सिंह, श्रेयांश, मुनेश, शुभम कुर्रे, विशाल शतरंज व अन्य उपस्थित रहे।

### सड़कों को धुलमुक्त करने चलाया जा रहा सफाई अभियान

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रतिदिन निरन्तर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम जोन क्रमांक 10 स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन क्षेत्र के तहत पुराना धमतरी रोड एवं इंजीनियरिंग कॉलेज जाने वाली रोड की सफाई बिना बिजली, बिना बैटरी से चलने वाली हैंड स्वीपिंग मशीन की सहायता से करते हुए धूल को मुख्य मार्गों से हटाने का कार्य जोन-10 कमिश्नर रमेश जायसवाल के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांड़ी की उपस्थिति में किया गया है। मुख्य मार्गो को धूल मुक्त करने हैंड स्वीपिंग मशीन की सहायता से स्वच्छता अभियान आगे भी नगर निगम क्षेत्र में जारी रहेगा।

एक महीने से स्ट्रीट लाइट और मेन रोड की लाइट है बंद

# अंधेरे में डूबी सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लोगों ने निकाली मशाल रैली

**रायपुर (ए.)।** रायपुर स्थित सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी किसी न किसी वजह से हमेशा विवादों में रहती है। एक बार फिर यहां पर कुछ ऐसा ही देखने को मिला है। दरअसल, इस कॉलोनी में एक महीने से स्ट्रीट लाइट और मेन रोड लाइट बंद है। इसके विरोध में कॉलोनीवासियों ने मशाल रैली निकाली। रैली के दौरान रहवासियों को अंधेरे में रखना बंद करो, बिजली बिल का बकाया 84 लाख रुपये भुगतान करो के नारे लगाये गये। रैली में हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों और कालोनी के रखरखाव का काम देख रहे समिति के पदाधिकारियों के साथ बिजली कंपनी का ध्यानाकर्षण कराया गया।

एक महीने से सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी अंधेरे में डूबी हुई है। इससे कॉलोनीवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कालोनी में करीब 14 सौ स्वतंत्र मकान हैं। शाम 6 बजे के बाद अंधेरा होने घर से महिलाएं और बच्चे रोड पर निकलने से परहेज कर रहे हैं। रोड पर अंधेरा होने के कारण असामाजिकतत्वों और आवारा पशुओं का डर बना हुआ है। आए दिन अंधेरे में रोड एक्सीडेंट हो रहे हैं। स्ट्रीट लाइट न होने की वजह से चोरी का डर बना हुआ है। बीते सप्ताह बारिश हो जाने के कारण सांप बिच्छू से परेशानी हो रही है। हालात ये हैं कि शहर के मोहल्लों और कई कॉलोनियों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। इससे रात के समय में रहवासियों को काफी परेशानी हो रही है।

इसके अलावा पैदल यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। स्ट्रीट लाइट के अभाव में रात के समय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय में लोग सड़कों पर भ्रमण करने के लिए भी निकलते हैं। इसके अलावा सड़कों पर अंधेरा होने से अनहोनी घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। बकाया बिल जमा नहीं होने के कारण बिजली कंपनी ने कालोनी का एक कनेक्शन काट दिया है। स्ट्रीट लाइट नहीं जलने की वजह से कालोनी के लोग करीब एक महीने से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली कंपनी कंपनी का कालोनी पर करीब 84 लाख रुपए बकाया है। तय समय पर भुगतान नहीं मिलने पर कंपनी के अधिकारियों ने कनेक्शन काट दिया। इसकी वजह से कालोनी का एक हिस्सा अंधेरे में डूबा हुआ है।



युवाओं ने सेजबहार जनकल्याण समिति पर मनमानी करने का भी आरोप लगाया है। आरोप है कि साफ-सफाई का काम छोड़कर समिति के पदाधिकारी, रहवासियों से बदसलूकी, विवाद कर झूठे केस में फसाने की धमकी देते हैं। विरोध करने वालों के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत करते हैं। पिछले दिनों ही विवाद का मामला थाने पहुंचा था, पुलिस ने एकपक्षीय कार्रवाई की। मशाल रैली में राहुल ठाकुर, दीपक नायडू, रोशन, रोहित, मुकेश, जगत, रोहित, नयन, चंदन समेत बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी शामिल हुए।

# दाई-दीदी, भाई-बहिनी, अउ जम्मो संगवारी, मतदान करना हमर जिम्मेवारी

## मतदाताओं को जागरूक करने 100 किमी तक निकली बाइक रैली

**रायपुर ( ए. )।** ''जाबो संगी मतदान करे बर'' गीत की धुन के साथ सुबह रायपुर लोकसभा के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप बाइक रैली कलेक्टोरेट से शुरू होकर आरंग पहुंची और वहां से अभनपुर होते हुए पुनः कलेक्टोरेट में पहुंची। इसके आगे-आगे स्वीप एक्सप्रेस चल रही थी। रैली में एक्सपेंडेचर ऑब्जर्वर रणविजय, आस्थानंद पाठक और अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह शामिल थे, जिसमें करीब हजार की संख्या में बाइक और स्कूटर सवार सहभागिता दी।

साथ ही स्वीप एक्सप्रेस भी पूरे रैली में साथ चली। यह रैली सुबह करीब पौने नौ बजे प्रारंभ हुई, जो करीब सौ किलोमीटर की दूरी करीब ढाई घण्टे में पूरी की। इस अवधि में राजधानी से होते हुए नगर पंचायत और हाइवे से जुड़े 24 गांव से गुजरी और वहां पर भी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान में हिस्सा लेने की अपील की। यह रैली राजधानी के तेलीबांधा से होते हुए ग्राम जोरा, सेरीखेड़ी, मंदिर-हसौद, छतौना,



नवागांव, उमरिया, गुजरा, लखौली, रशनी, बैहार, आरंग, ओड़का, भिलाई, चरौदा, तामासिवनी, तोरला, कठिया, थनौद, सुन्दरकेरा, अभनपुर, झांकी, केन्द्री, बेन्द्री, भटगांव, माना, टेमरी से गुजरी।

### बलिदान से मिला है अधिकार

श्री पाठक ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जिनको मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। इस अधिकार को पाने के लिए हमारे पूर्वजों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अनेक लड़ाइयाँ लड़ी हैं आंदोलन किए हैं तब जाकर हमे मताधिकार प्राप्त हुआ है। हम सभी को इसका बढ़ चढ़कर उपयोग करना चाहिए आइये 7 मई को अपने अपने घरों निकलियें और मताधिकार का उपयोग कीजिए। आरंग में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर जिला प्रशासन द्वारा बाइक रैली के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की जो अपील की जा रही है, वह सराहनीय हैं। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी रैली का और इस समय आयोजन करने का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना हैं। 7 मई को रायपुर लोकसभा मतदान का दिन है। इस दिन सभी मतदाता अपने घरों से निकले और धूप, गर्मी की परवाह ना करते हुए बूथों में जाकर मतदान करें। यह दिन पांच साल में एक बार आता है। अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें।

गौरतलब है कि स्वीप एक्सप्रेस के चारो तरफ मतदाता जागरूकता से जुड़े पोस्टर और फोटोग्राफ्स लगे हुए थे, इसमें लोक कलाकार सवार थे। बाइक रैली में अधिकारी-कर्मचारी के अलावा आम नागरिक भी बढ़ चढ़कर शामिल हुए जो मतदाता जागरूकता से जुड़ी हुई तख्तियां लिए हुए थे। इनमें हमारी जिम्मेदारी, मतदान करेंगे बारी-बारी, आगे-आगे लोकतंत्र के तिहार, वोट देवव बनव जिम्मेदार, दाई, भाई, दीदी जम्मो संगवारी, मतदान करना हमर जिम्मेवारी इत्यादि नारे लिखे हुए थे। यहीं नहीं कलेक्टर सहित अन्य बाइक सवारों के हेलमेट पर वोट फॉर बेटर इंडिया, चुनाव का पर्व, देश का पर्व का स्टीकर चिपका हुआ था। शहरी मतदाताओं के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज इतनी लंबी रैली का आयोजन किया गया।

" चाय पर चर्चा " कार्यक्रम का आयोजित

# मूणत ने युवाओं से किया संवाद



**रायपुर ( ए. )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शनिवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत गुढ़ियारी के पहाड़ी चौक पर 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां एक रथ के माध्यम से जिसमें चाय कंटेनर समेत सारी सुविधा दी गई है में चाय बनाकर युवा मोर्चा ने युवा चौपाल लगाकर सैकड़ों युवाओं से मोदी के कार्यकाल, योजनाओं पर चर्चा की।

चर्चा में रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत उपस्थित रहे उन्होंने स्वयं चाय बनाई और युवाओं सहित अन्य नागरिकों को चाय पिलाते हुए चाय का स्वाद जाना और मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल पर चर्चा की। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत का स्वर्णिम काल है जहां पूरा विश्व मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहा है और देश आज आगे जा रहा है। इन 10 सालों में मोदी ने युवा वर्ग को बहुत सी योजनाओं के माध्यम से रोजगार देने, शिक्षा जगत में परिवर्तन कर विकसित भारत की कल्पना को साकार किया है। इसलिए आज प्रत्येक युवाओं को केवल अपने मतदान के माध्यम से ही मोदी को धन्यवाद करना है। यही संकल्प आज हमे लेना हैं मेरा वोट मोदी को मेरा वोट बृजमोहन अग्रवाल को।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री अमित मैशेरी, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष और रायपुर लोकसभा चुनाव प्रभारी रितेश मोहरे, जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विशाल पांडेय, विशेष शाह, अश्वनी विश्वकर्मा, वासु शर्मा, वैभव शर्मा, मंडल अध्यक्ष विनय जैन समेत सैकड़ों युवा इस युवा चौपाल में शामिल हुए।

# शीतला शक्ति पीठ में दर्शनार्थियों की उमड़ी भीड़



**रायपुर ( ए. )।** शीतला शक्ति पीठ सिहावा में पंचमी महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। मां शीतला का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। परम्परानुसार युवाओं ने शीतला माता को छप्पन भोग लगाकर विशाल भंडारा किया इसमे श्रद्धालु दिनभर प्रसादी लेते रहे।

पंचमी महोत्सव पर मन्दिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही । दर्शनार्थी कतारबद्ध होकर अपनी मनोकामना के लिये श्रृंगार सामग्री, श्रीफल आदि पूजन सामग्री माता को समर्पित किए। माता सेवा मण्डलिओ ने बारी बारी से पंचमी महोत्सव पर जस गीत गाकर माता सेवा की ।रात्रि में पूजा के फूल झांकी मण्डली भटगांव ने अपनी प्रस्तुति दी। आचार्य चंद्रहास दुबे ने बताया कि आदि शक्ति का पंचम स्वरुप स्कंदमाता है कार्तिकेय की माता होने से शक्ति स्कन्द माता कहलाती है। शीतला समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया की इस बार चैत्र नवरात्रि पर कुल 1017 ज्योति प्रज्ज्वलित हो रहे है।

### छप्पन भोग अर्पित की

प्रतिवर्षानुसार माता भक्त युवाओं की टीम ने पंचमी पर शीतला माता को छप्पन भोग लगाकर विशाल भंडारा का आयोजन किया जिसमे श्रद्धालु गण भोजन प्रसादी लेते रहे।

### पुष्प गिराकर देती है आशीर्वाद

स्वयम्भू माता शीतला की महिमा अपरंपार है माता के पुजारी ज्ञान सागर पटेल ने बताया कि माता भक्तों की मन्नतें पूरी करती है। माता के शीश पर भीगे सफेद अक्षत और पुष्प रखते हैं और माता से विनती की जाती है। आज्ञा स्वरूप अक्षत पुष्प के नीचे गिरते ही मनोकामना मनोरथ पूर्ति का संदेश मिलता है।

किसान बईठका में बीजों का दाम बढ़ाने पर उभरा किसानों का असंतोष..

# बीजों का दाम बढ़ाने पर किसानों का असंतोष हुआ उजागर

**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा धमधा ब्लाक के हसदा गांव में आयोजित किसान बईठका में राज्य सरकार के बीज निगम द्वारा खरीफ फसलों के बीज के दामों में वृद्धि को लेकर किसानों का असंतोष उभरकर सामने आया। किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने और खेती की लागत में कमी लाने की बात कही थी लेकिन आय तो दोगुनी नहीं कर पाए उल्टे बीजों के दाम बढ़ाकर लागत को बढ़ा दिया।

किसान बईठका में क्षेत्रीय विधायक को निशाने पर लेते हुए किसानों ने कहा कि वर्षा और ओलावृष्टि से धमधा ब्लाक में फसल को व्यापक क्षति हुई है लेकिन उन्होंने प्रभावित किसानों की सुध लेने के अपने दायित्व का निर्वाह नहीं किया। क्षेत्र का दौरा करके स्थिति का अवलोकन नहीं किया बीमा लाभ और प्राकृतिक आपदा का लाभ दिलाने के लिए कोई पहल नहीं किया।

हसदा किसान बईठका में उपस्थित किसानों का कहना है कि विष्णुदेव साय की सरकार ने दो साल का बोनस देकर




किसानों पर कोई अहसान नहीं किया है। यह सरकार पर किसानों का उधार है जिसे 10 साल बाद बिना ब्याज के लौटाया है।

किसान बईठका में कहा गया कि राजनीतिक दल किसानों को धर्म और जाति में बांटकर लाभ उठा लेते हैं और सत्ता में आ जाने के बाद किसानों की सुध नहीं लेते, किसानों ने संकल्प लिया है कि धर्म और जाति के बहकावे में न आकर लोकसभा के आगामी चुनाव में प्रमुख रूप से दावेदार कांग्रेस और भाजपा के सरकारों की नीति, नीयत, कार्यक्रम, योजना आदि का किसान हित में मूल्यांकन करके वोट करेंगे।

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा आयोजित हसदा किसान बईठका में न्यूनतम समर्थन मूल्य और इसकी कानूनी गारंटी के अलावा राज्य सरकार के कृषक उन्नति योजना पर व्यापक चर्चा की गई और कहा गया कि सरकार को सिर्फ धान उत्पादक किसानों की ही नहीं बल्कि सभी किसानों के हितों का समान रूप से ध्यान रखना चाहिए।

किसान बईठका में हसदा, लिटिया, सेमरिया, सिलतरा, टेकापार फुंडा आदि गांवों से अमृतलाल गुप्ता, राजेन्द्र साहू,संतुलाल पटेल, जनार्दन उमरे, पंचराम साहू, बसंत साहू, पवन साहू, महेश साहू, लोमन साहू, कुलेश्वर साहू, बृज कुमार साहू, रतन साहू, ओमप्रकाश साहू, लेखचंद साहू, तुलाराम साहू, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के मनोज मिश्रा, बाबूलाल साहू, बद्री प्रसाद पारकर, मेघराज मढ़रिया, आई के वर्मा, राजकुमार गुप्त आदि शामिल थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# पौराणिक शो की भव्यता मुझे आकर्षित करती है : शिव्या पठानिया



शो लक्ष्मी नारायण में मुख्य भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस शिव्या पठानिया ने शो में अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें पौराणिक शो की भव्यता और धार्मिकता आकर्षित करती है। शिव्या इससे पहले राम सिया के लव कुश में सीता और बाल शिव-महादेव की अनदेखी गाथा में देवी पार्वती का किरदार निभा चुकी हैं। आने वाले शो लक्ष्मी नारायण में वह लक्ष्मी का किरदार निभाएंगी।

पौराणिक भूमिकाओं में उन्हें क्या आकर्षित करता है, इस बारे शिव्या ने बताया, भव्यता और धार्मिकता के साथ शो अपने दर्शकों को जो नैतिक मूल्य प्रदान करते हैं, वह मुझे सबसे अधिक आकर्षित करते है। दोनों भूमिकाओं में भिन्नता के बारे में बात करते हुए, शिव्या ने कहा, विक्रम बेताल एक नैतिक कहानी थी, इसलिए यह एक संपूर्ण शो नहीं था, कि कैसे लक्ष्मी नारायण अस्तित्व में आए और उन्होंने देवताओं के रूप में अपनी भूमिका निभाई और यह उनकी अनकही प्रेम कहानी के बारे में नहीं था।

उन्होंने कहा, स्वास्तिक प्रोडक्शंस का शो लक्ष्मी नारायण उनके अस्तित्व से लेकर अनकही प्रेम कहानी तक की यात्रा के मामले में बेहद अलग है जिसे अभी तक खोजा नहीं गया है। इसके अलावा शो में हमारे पास सिद्धार्थ कुमार तिवारी भी है। स्वास्तिक प्रोडक्शंस के साथ काम करना अपने आप में एक आशीर्वाद है।

### शिव्या देवी लक्ष्मी के दर्शन और कहानी से मोहित हो गई

दिल ढूंढता है की एक्ट्रेस ने कहा, मैंने देवताओं के बारे में जो कुछ भी जाना है, यह उससे बहुत अलग था। इसलिए, इसी ने मुझे शो की ओर आकर्षित किया। तैयारियों के बारे में बात करते हुए शिव्या ने कहा, सच कहूं तो सब कुछ बहुत तेजी से हुआ। लेकिन किरदार के बारे में मेरी कोई पूर्व धारणा नहीं है। मैं इसे उस कहानी और ग्रंथों के साथ जी रही हूं। यह शो जल्द ही कलर्स पर प्रसारित होगा।

# मानुषी छिल्लर ने स्टायलिश आउटफिट में बिखेरा जलवा



पूर्व मिस वर्ल्ड व एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बड़े मिया छोटे मिया को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनका स्टाइलिश लुक देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।

एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस का दिल अपने नाम करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक-धक करने लग जाएगा। मानुषी ने फ्लोरल ऑफ शोल्डर ड्रेस पहना है। लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और बालकनी में खड़े होकर सेक्सी पोज दे रही हैं। पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अपने लुक्स से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचना बखूबी जानती हैं। वहीं उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस भी अक्सर मदहोश हो जाते हैं। मानुषी छिल्लर जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। एक्ट्रेस की मदमस्त आंखें देख यूजर्स अपना दिल हार बैठे हैं और तारीफों के पुल बांध रहे हैं। मानुषी हाल ही में रिलीज हुई एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आई हैं। एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर को ये फोटोज पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक हजारों में लाइक्स आ गए हैं।

# कुटज की महक से महक रहा वनांचल औषधीय गुणों से भरा है कुटज



ब्लाक का वनांचल क्षेत्र इन दिनों कुटज की महक से महक रही है। पूरा वन क्षेत्र में कुटज की खुशबू बिखरी हुई है। शाम के समय सड़क पर इसकी भीनी गंध लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। कुटजा के पौधे क्षेत्र के वनांचल ग्राम बदौरा के आस-पास, कुकदूर मार्ग में चिथरहीन मंदिर व क्षेत्र के जंगलों में फैले हुए हैं। इसकी झाड़ियों में सफेद फूल निकले हुए हैं। जो दिखने में भी गुच्छेदार व आकर्षक हैं। वहीं इसकी खुशबू भी लोगों को लुभा रही है। कुटजा एक औषधीय पौधा है, जिसकी ऊंचाई करीब 10 से 15 फीट तक होती है। यह अधिकतर झाड़ियों के रूप में हैं। प्रतिवर्ष इसका रकबा बढ़ते जा रहा है। जो क्षेत्र के लिए लाभकारी है।

औषधीय गुण से भरा है कुटज-कुटज एक औषधीय पौधा है। इसका उपयोग औषधीय के रूप में होता है। आयुर्वेद के क्षेत्र में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। इससे रिष्ट बनाया जाता है। इसके छाल, पत्ते, बीज व फूल का उपयोग चिकित्सीय क्षेत्र में होता है। डायरिया, त्वचा रोग, पेचिस सहित अनेक रोगों में इसका उपयोग होता है। कुटज बवासीर, पथरी, दांत दर्द, महिलाओं प्रजनन प्रणाली को मजबूत बनाने, पाचन तंत्र को मजबुत करने, कुपोषण दूर करने में सहायक है। क्षेत्र में इसका उपयोग वनवासी लोग करते हैं।

# गर्मी में निकलने वाला पसीना भी हो सकता है आपके लिए फायदेमंद, जानें इसके लाभ

आम तौर पर सभी लोग गर्मी के मौसम में निकलने वाले पसीने से बेहद परेशान रहते हैं। पसीना शरीर में चिपचिपाहट और दुर्गंध पैदा करता है। हालांकि, गर्मियों में आने वाला पसीना स्वास्थ्य के लिहाज से फायदेमंद साबित होता है। हमारे शरीर को ठंडक देने के साथ पसीना शरीर से गर्मी को दूर करता है। कोलेस्ट्रॉल और नमक जैसे पदार्थ पसीने के जरिए शरीर से बाहर निकाले जा सकते हैं। आइए जानते हैं गर्मी में पसीना आने के स्वास्थ्य लाभ।

प्राकृतिक तौर पर शरीर को मिलती है ठंडक

पसीना आना शरीर को ठंडा रखने का प्राकृतिक तरीका है। जब तापमान बढ़ता है, तो हमारा शरीर पसीने की ग्रंथियों की मदद से त्वचा की सतह पर नमी छोड़ता है। जैसे ही यह नमी भाप बनती है, यह गर्मी को भी दूर ले जाती है। इसके कारण हमारे शरीर का तापमान कम हो जाता है। यह तंत्र उमस भरी गर्मी के महीनों में अत्यधिक गर्मी से बचाता है। पसीना आने से लोग हीटस्ट्रोक का शिकार होने से बच जाते हैं।

### शरीर होता है डिटॉक्स

पसीना हमारे शरीर को डिटॉक्स करने के लिए जाना जाता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों और अशुद्धियों को हटाने में मदद करता है। अल्कोहल, कोलेस्ट्रॉल और नमक जैसे पदार्थों को पसीने के माध्यम से बाहर निकाला जा सकता है, जो हमारे शरीर के शुद्धिकरण के लिए फायदेमंद हो सकता है। यह प्राकृतिक डिटॉक्स त्वचा को साफ और मुंहासों को कम करता है, जिससे गर्मियों से त्वचा का प्रभावित होना कम हो जाता है।

### प्रतिरक्षा प्रणाली होती है मजबूत



एक शोध से पता चलता है कि पसीना हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत कर सकता है। पसीने में रोगों से लड़ने वाले पेप्टाइड्स होते हैं, जो बैक्टीरिया और वायरस के खिलाफ प्रभावी होते हैं। ऐसा ही एक पेप्टाइड डर्मसीडिन है, जो पसीने की ग्रंथियों में उत्पन्न होता है। यह त्वचा की सतह पर हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करता है। सरल शब्दों में पसीना हमें संक्रमणों से बचाने में सहायक होता है।

### त्वचा के स्वास्थ्य में होता है सुधार

पसीना हमारी त्वचा की सेहत पर भी सीधा असर डाल सकता है। यह रोमछिद्रों को खोलकर गंदगी, तेल और अन्य अशुद्धियों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके कारण प्राकृतिक तरीके से ब्लैकहेड्स और मुंहासे कम हो जाते हैं। इसके अलावा पसीने से मिलने वाला प्राकृतिक जलयोजन त्वचा की देखभाल में मदद कर सकता है, जिससे हम अधिक स्वस्थ दिखते हैं। हालांकि, अगर आपकी त्वचा तैलीय प्रकार की है तो अत्यधिक पसीना आपको नुकसान पहुंचा सकता है।

### तनाव से मिलता है छुटकारा

एक्सरसाइज जैसी शारीरिक गतिविधियों से निकलने वाला पसीना शरीर में एंडोर्फिन हॉर्मोन को बढ़ता है। यह एक तरह का दर्द निवारक हॉर्मोन है, जिससे शरीर का दर्द ठीक किया जा सकता है। यह हार्मोन हमें जीवन के प्रति सकारात्मक और ऊर्जावान दृष्टिकोण के साथ-साथ उत्साह भी प्रदान कर सकता है। इसके अलावा, गर्मी में पसीना आने से तनाव कम करने में भी मदद मिल सकती है। इससे हमें खुशी का एहसास होता है और चिंताएं दूर हो सकती हैं।

# जितने में शाहरुख की 'जवान' बनी, उतने में तो 'पुष्पा 2' के हिंदी राइट्स बिके

## 'पुष्पा 2' के छह मिनट के सीन पर मेकर्स ने लगा दिए 60 करोड़ रुपए





अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा-2 साल 2024 की सबसे एंटीसिपेटिड फिल्मों में से एक है। फिल्म 15 अगस्त 2024 को रिलीज़ होने वाली है। वो बात अलग है कि अभी तक फिल्म की शूटिंग पूरी नहीं हुई है। मगर इस खबर से मेकर्स में कोई खलबली नहीं। उन्हें फिल्म पर भरोसा है। यही वजह है कि फिल्म के सैटेलाइट और म्यूज़िक राइट्स इतने महंगे बिके हैं। बताया जा रहा है कि नेटफ्लिक्स ने 100 करोड़ में फिल्म के स्ट्रीमिंग राइट्स खरीदे हैं। वहीं टी-सीरीज ने 60 करोड़ में सभी भाषाओं के गानों के राइट्स ले लिए हैं। राइट्स के बिकने वाली खबरों के बीच एक बड़ा अपडेट आया है। एक हालिया मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के हिंदी राइट्स 300 करोड़ की भारी भरकम कीमत पर बिके हैं। बता दें कि ये शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का बजट था।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 'पुष्पा 2' के हिंदी राइट्स सिर्फ 300 करोड़ में बिके हैं। इतना सिर्फ एक भाषा वाले वर्जन के लिए है। तेलुगु और बाकी भाषाओं को मिलाकर तो नंबर और भी ऊपर चला जाएगा। मुमकिन है कि रिलीज से पहले ही 'पुष्पा 2' अपना पूरा बजट रिकवर कर लेगी। 'पुष्पा' के पहले पार्ट को बम्पर रिस्पॉन्स मिला था। जबकि रिलीज से पहले कोई ऑन ग्राउंड प्रमोशन नहीं किया गया था। अब दूसरे पार्ट के केस में मेकर्स फिल्म के स्केल के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहते। पैसा झोंका जा रहा है। यही वजह है कि कुछ समय पहले रीशूट की भी खबर आई थी। उससे फिल्म का बजट और भी ऊपर गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक 'पुष्पा 2' के लिए छह मिनट का एक्शन सीक्वेंस शूट किया गया। इसकी शूटिंग में एक महीना लगा और खर्चा आया 60 करोड़ रुपए का।

हाल ही में 'पुष्पा 2' का टीजर आया था। जहां अल्लू अर्जुन का जात्रा से लुक पूरी तरह रिवील किया गया। टीज़र में कोई डायलॉग नहीं था। जल्द ही फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग पर फुल स्पीड से काम चल रहा हो, लेकिन ये अपनी तय तारीख पर ही आएगी। प्लान है कि जून तक शूटिंग पूरी कर ली जाए। उसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा कर के सीधा फिल्म को सिनेमाघरों में उतारा जाए। फिल्म की इतनी हाइप है कि उसे प्री-रिलीज प्रमोशन की ज़रूरत नहीं। बाकी रिलीज के बाद फिल्म के एक्टर्स फिल्म को प्रमोट कर सकते हैं।

'पुष्पा 2' पहले रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' के साथ भिड़ने वाली थी। लेकिन अब खबर आई है कि 'सिंघम अगेन' के मेकर्स अपनी फिल्म को खिसकाने वाले हैं। उसे अब दिवाली 2024 पर रिलीज किया जाएगा।

# दिव्या भारती की मौत पर 31 साल बाद

## को-स्टार ने तोड़ी चुप्पी

**दिव्या भारती सिनेमा जगत की अगली सुपरस्टार मानी जा रही थीं। एक के बाद एक सुपरहिट फिल्मों की लाइन लगाने के बाद मात्र 19 साल की उम्र में दिव्या की जान चली गई। कहा गया कि नशे की हालत में एक्ट्रेस की बालकनी से गिरकर मौत हो गई थी। अब सालों बाद दिव्या के को-स्टार ने उनके निधन पर चुप्पी तोड़ी है। जानिए एक्टर ने क्या कहा है।**

5 अप्रैल 1993 की वो रात थी, जब खबर आई कि 19 साल की दिव्या भारती इस दुनिया में नहीं रहीं। दीवाना, शोला और शबनम, रंग समेत सुपरहिट फिल्में देने के बाद चारों ओर चर्चा थी कि वह श्रीदेवी के बाद अगली सुपरस्टार हैं। हालांकि, किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। उनके सक्सेस की गाड़ी आगे बढ़ती, उससे पहले ही अभिनेत्री इस दुनिया को अलविदा कह गईं। दिव्या भारती की मौत पर बहुत चर्चा हुई। हो भी क्यों ना, अपकमिंग सुपरस्टार का यूं गुजर जाना, हर किसी के लिए किसी सदमे से कम नहीं था। कुछ लोगों ने कहा कि यह सुसाइड है तो कुछ ने कहा कि यह हत्या है। हालांकि, पिता ने बयान दिया था कि शराब पीने की वजह से दिव्या अपना बैलेंस खो बैठी थीं और बालकनी से गिरकर उनकी मौत हो गई। अब सालों बाद दिव्या के को-स्टार ने इस पर चुप्पी तोड़ी है।

### दिव्या की मौत से शॉक हो गए थे कमल सदाना

दिव्या भारती के को-स्टार रहे कमल सदाना ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि एक्ट्रेस कभी भी सुसाइड नहीं कर सकती हैं। वह बहुत चुलबुली और जिंदादिल स्वभाव की थीं, ऐसे में वह सुसाइड करने का सोच भी नहीं सोच सकतीं। सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में एक्टर ने कहा, यह बहुत मुश्किल था। यह बहुत दुख की बात थी। वह बहुत टैलेंटेड एक्ट्रेस थीं और उनके साथ काम करके बहुत मजा आया।

### श्रीदेवी की नकल करती थीं दिव्या

कमल सदाना ने बताया कि दिव्या में इतना साहस था कि वह सेट पर श्रीदेवी की नकल उतारा करती थीं। उन्होंने उस पल को याद करते हुए कहा, वह श्रीदेवी की बहुत अच्छी मिमिक्री करती थीं। मैं उनसे कहता था कि आप ऐसा पब्लिकली नहीं कर सकती हैं। वह बहुत मजेदार थीं। यह बहुत शॉकिंग न्यूज थी और मैंने उनके साथ दो-तीन पहले ही शूटिंग खत्म की थी। जब मुझे किसी का फोन आया तो मैंने कहा, ऐसा कैसे हो सकता है? यह जाने का स्वाभाविक तरीका नहीं है।

### दिव्या ने नहीं की थी सुसाइड

दिव्या भारती के सुसाइड की खबरों को कमल सदाना ने सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि दिव्या सुसाइड नहीं कर सकतीं। उनके पास फिल्मों की लाइन लगी थी और वह बहुत खुश थीं। कमल ने आगे कहा, मेरा मानना है कि उन्होंने थोड़ी सी शराब पी ली और इधर-उधर फार्ट कर रही थी। मुझे लगता है कि वह उस एनर्जी में थीं और फिसल गईं।



कमल ने आगे कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि यह सिर्फ एक एक्सीडेंट है। मैंने उनके साथ कुछ दिन पहले ही शूटिंग की थी। वह बिल्कुल ठीक थीं। उनके पास कई बड़ी फिल्में थीं, जिसे उन्होंने कंप्लीट किया था। कुछ और फिल्में थीं, जिसे उन्होंने साइन किया था। बता दें कि दिव्या और कमल ने फिल्म रंग में काम किया था। यह फिल्म दिव्या की मौत के तीन महीने बाद रिलीज हुई थी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर, एसएसपी और सीईओ ने बाईक चलाकर शत-प्रतिशत मतदान करने का दिया संदेश

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन और स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में गरियाबंद में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप बाईक रैली का आयोजन किया गया। बाईक रैली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले भी शामिल हुए। बाईक रैली में हजारों की संख्या में जिला अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण सहित आमजनों ने भाग लेकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान गरियाबंद जिले के मतदाताओं द्वारा अपने-अपने स्कुटी एवं बाईक में जागरूकता संदेश लेकर बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स एवं मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए नारे लगाकर शहर के गांधी मैदान से तिरंगा चौक होते हुए स्टेडियम तक बाईक रैली निकाली गई। कलेक्टर दीपक अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव तथा अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकगण एवं आम नागरिकों ने स्कूटी एवं बाईक चलाकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिला अधिकारी-कर्मचारी एवं शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक बाईक रैली में शामिल हुए। लोकसभा निर्वाचन में गरियाबंद जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार शहर से लेकर गांवों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में अलग उत्साह है। जिले के युवा और बुजुर्ग मतदाता मतदान करने उत्साहित नजर आ रहे हैं। बाईक रैली में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों द्वारा स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के तहत जिलेवासियों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

### डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान के लिए बनाया गया सुविधा केन्द्र

**बालोद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से उनके मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने हेतु जिले के अलग-अलग शासकीय संस्था एवं कार्यालयों में सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इन सभी सुविधा केन्द्रों के सफल संचालन हेतु प्रभारी अधिकारी एवं सहायकों की नियुक्ति की गई है। इसके अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में स्थापित सुविधा केन्द्र हेतु तहसीलदार बालोद दीपिका देहारी को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह डौण्डीलोहारा में स्थापित सुविधा केन्द्र आनंद पब्लिक स्कूल एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हेतु तहसीलदार डौण्डीलोहारा श्री गोविंद सिन्हा को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह गुण्डरदेही में स्थापित सुविधा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदुर हेतु तहसीलदार अर्जुंदा प्रीतम साहू को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 31 में सुविधा केन्द्र बनाया गया है जिसके प्रभारी तहसीलदार गुरूर हनुमंत सिंह श्याम को बनाया गया है। इसी तरह संयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 35 में स्थापित सुविधा केन्द्र हेतु अतिरिक्त तहसीलदार बालोद रामराज को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह संयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 33 में स्थापित सुविधा केन्द्र हेतु तहसीलदार डौण्डी हिंसा राम नायक तथा संयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 31 में स्थापित सुविधा केन्द्र हेतु तहसीलदार गुण्डरदेही कोमल सिंह ध्रुव को प्रभारी बनाया गया है।

### बस्तर में बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

# कांग्रेस जंग लगा लोहा, इस चुनाव के बाद डायनासोर की तरह हो जाएगी विलुप्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। लोकसभा चुनाव के दौरान बस्तर के चुनावी समर में जुबानी जंग तेज हो गई है। दिग्गज नेताओं का बस्तर दौरा चल रहा है। पीएम मोदी के बाद अब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को बस्तर के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस को जमकर घेरा। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस को जंग लगा लोहा बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लोकसभा चुनाव में सूपड़ा साफहो जाएगा और कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी।**



इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जगदलपुर के मां दंतेश्वरी विमानतल में प्रदेश अध्यक्ष किरनदेव ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान नेतागण व पदाधिकारी मौजूद रहे। विमानतल से निकलकर राजनाथसिंह सभा स्थल पहुंचे और भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के लिए वोट अपील की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ही छत्तीसगढ़ का विकास करेगी। छत्तीसगढ़ के अगर कोई पार्टी सरकार चला सकती है तो वह है बीजेपी। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में आप लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की झोली को भर दिया है इसलिए आप सबका धन्यवाद करने आया हूं।

राजनाथ सिंह ने आमजनता को संबोधित करते हुए मेरा छत्तीसगढ़ के साथ बहुत अटूट रिश्ता है। छत्तीसगढ़ जब राज्य बना था तब पहली विधानसभा का चुनाव हुआ था तो उस समय पार्टी की तरफसे, केंद्र की तरफसे प्रभारी बन के यहां आया था। तब लोग कहते थे कि भाजपा की सरकार नहीं बनेगी लेकिन हालत बदलते चले गए। जनता ने यह समझना प्रारंभ कर दिया कि अगर छत्तीसगढ़ का भाग्य कोई बदल सकता है तो वह भाजपा ही बदल सकती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ घोटाले करना है और कुछ नहीं। राजनाथ सिंह ने कहा कि ये पहली बार है जब देश की केन्द्र सरकार पर किसी तरह का कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। इस आजाद भारत में गरीबों और पिछड़ों की अगर किसी ने चिंता की है तो वो हैं पीएम मोदी। अटल जी की सरकार में पहली बार आदिवासी मंत्रालय का गठन किया था।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज के लिए पीएम मोदी के मन में बहुत प्यार है। हम आदिवासी समाज को वोटबैंक के रूप में नहीं देखते हैं। छत्तीसगढ़ के लिए पीएम मोदी बहुत संवेदनशील हैं। भाजपा कभी जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम नहीं करती है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष काा काम सिर्फ जनता की आंखों में धूल झोकना है। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस चुनाव में छत्तीसगढ़ से निपट जाएगी कांग्रेस। विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी का परचम लहराएगा।

# लोकसभा चुनाव दो विचारधारा की लड़ाई है - राहुल गांधी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि आपके सामने चुनाव है दो विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफकांग्रेस पार्टी इंडिया एलांयस लोकतंत्र संविधान को बचाने के लिये लड़ रहे है। दूसरी तरफनरेंद्र मोदी, अडानी, आरएसएस, संविधान पर लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे है। संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे है।**

मोदी जी ने आदिवासी शब्द को बदलने की कोशिश की है। हम आपको आदिवासी कहते है, बीजेपी के लोग आपको वनवासी कहते है। वनवासी में और आदिवासी में आसमान का फर्क है।आदिवासी का मतलब वो वर्ग जो इस जमीन का जल, जंगल, जमीन का पहला और असली मालिक है। जब हिंदुस्तान में जब कोई और नहीं था तब यहां आदिवासी लोग रहते थे। जो लोग आपको आदिवासी कहते है वो लोग इस बात को मानते है कि हिंदुस्तान के जल, जंगल और जमीन पर आपका पहला हक बनता है। जो आदिवासी कहते है वो आपके धर्म आपकी भाषाओं आपके जीने का तरीका आपका इतिहास का आदर करते है उसकी रक्षा करते है। दूसरी तरफ जो आपको वनवासी कहते है वो आपको हिन्दुस्तान के हकदार नहीं मानते। उनका कहना है आप जंगल के आदिवासी हो जहां जंगल है वहां आप हो। आपको जंगल में रहना चाहिए आपको अधिकार नहीं मिलने चाहिये आपको जल, जंगल, जमीन पर अधिकार नहीं है। हम आपके लिये पेसा कानून लाये, ट्राइबल बिल लाये, मनरेगा बिल लाये, जमीन अधिग्रहण बिल लाये आपके जो हक है जो आपकी जमीन है वो हम आपको वापस देते है। आरएसएस और भाजपा के लोग धर्म पर, आपके विचारधारा पर, आपके आशाओं पर, आपके धर्म पर, आपके भाषाओं पर, आपके इतिहास पर आक्रमण करते है।

# स्वीप स्पोर्ट्स मीट में महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव में जिले में शत प्रतिशत मतदान की महिला खिलाड़ियों समेत उपस्थित सभी महिलाओं ने ली शपथ। अवसर था जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वीप स्पोर्ट्स मीट का, जिसमें बढ़ चढ़कर महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और खेल के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत जिला प्रशासन के तत्वाधान में बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सुबह 6.30 बजे से पिंक प्ले ग्राउंड में महिलाओं के लिए स्वीप स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें छः प्रकार के अलग-अलग खेल खेले गए।

बास्केटबॉल,वालीबॉल,कबड्डी,टेबल टेनिस,इंडोर बैडमिंटन और लान टेनिस में महिला खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम। सुबह 6.30 बजे से शुरू हुआ आयोजन सुबह 10 बजे तक चला। जिसमें इन खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी में बहतराई एकेडमी विजेता रही तो बिलासा गर्ल्स कॉलेज उपविजेता। बैडमिंटन में बिलासा गर्ल्स कॉलेज विजेता तो उपविजेता साइंस कॉलेज। बास्केट बॉल में देवकीनंदन स्कूल विजेता ,उपविजेता छत्तीसगढ़ स्कूल,वालीबॉल में बिलासा गर्ल्स कॉलेज विजेता और स्मृति एकेडमी उपविजेता रहे।

# मतदान कार्य के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझें : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्य को निर्बाध रूप से संपादित करने के लिए मतदान अधिकारियों को लगातार प्रशिक्षण में दिया जा रहा है। इस कड़ी में आईटीएस कॉलेज गरियाबंद एवं शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद में मतदान केन्द्रों के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, 2 एवं 3 में लगे अधिकारियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर ने विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में पहुंचकर कहा कि मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझें, ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आए तो तत्काल उसका निराकरण आपके द्वारा ही किया जा सके। सभी प्रशिक्षाणार्थी ईवीएम और वीवीपेट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि यदि पहली बार मतदान करवाने की ड्यूटी लगाई गई है। ऐसे अधिकारी प्रशिक्षण में दी जा रही सभी नियमों का बेहतर तरीके से रखे, ताकि किसी भी प्रकार की गलती होने की संभावना न होने पाए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों को कहा कि निर्वाचन कार्य मे मतदान करवाने के साथ-साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी करना जरूरी है, इसलिए सभी फार्म-12 भरकर जरूर दें। प्रशिक्षण में मतदान केन्द्रों के अधिकारियों ने ईवीएम मशीनों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, एडीएम अरविन्द पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, पंकज डाहिरे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विशाल महाराणा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अर्पिता पाठक, मास्टर ट्रेनर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव ने जीता स्वीप हॉकी मतदान कप 2024

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फहॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में स्वीप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव और खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव की महिला टीम के बीच मैच हुआ। स्वीप हॉकी प्रतियोगिता में खिलाडियों ने हिस्सा लेकर 26 अप्रैल 2024 को मतदान के लिए नागरिकों से आव्हान किया।**




अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हॉकी खिलाडियों द्वारा बॉल और हॉकी से स्वीप आकृति बनाकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह के निर्देशन पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

जिला पंचायत सीईओ व नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह ने भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव और खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव महिला विंग्स खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया और सभी खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्वीप हॉकी प्रतियोगिता की विजेता टीम भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव को स्वीप हॉकी मतदान कप 2024 देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उप विजेता टीम खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने मतदाता सूची में जुड़े खिलाडियों को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और अन्य खिलाडियों से घर के अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को फिट राजनांदगांव, फिट वोटर्स, गुड मॉर्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम पुष्प वाटिका रानी सागर के पास आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी को हिस्सा बनने कहा।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने खिलाडियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने खेल के साथ-साथ अच्छी पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने खिलाडियों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने मतदान दिवस 26 अप्रैल को अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रश्मि सिंह, रणविजय सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं हॉकी खिलाड़ी उपस्थित थे।

# व्यक्ति के अधिकारों को सुरक्षित रखने कानून बनाया जाता है : न्यायाधीश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। अनुभव भवन बालको नगर कोरबा में महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के प्रयोजनार्थ आज विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि बालकों एवं बालिकाओं का विवाह सही उम्र में करें।**




नाबालिक को गाड़ी चलाने न दें, अज्ञानता वश हमारे द्वारा बच्चों को दुपहिया वाहन चलाने के लिये दे दिया जाता है, दुर्भाग्यवश दुर्घटना होने पर पीड़ित पक्षकार को घायल एवं मृत्युकारित होने पर बहुत ही अधिक मुआवजा देना पड़ जाता है। इसका हमें ध्यान रखना चाहिये। वाहन चलाते समय ड्राइविंग लायसेंस, वाहन का बीमा एवं गाड़ी का रजिस्ट्रेशन होना आवयश्यक है। विधानसभा, संसद में व्यक्ति के अधिकारों को सुरक्षित कैसा रखा जावें इस संबंध में सोच विचार कर कानून बनाया जाता है। कानून व्यवस्था को बनाये रखना बहुत ही मुश्किल का कार्य है, इसके लिये हमें कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये कानून का पालन करना आवश्यक है। कानून व्यवस्था नहीं होने से आम नागरिकों के अधिकार सुरक्षित नहीं रह पायेगें। कानून हर जगह लागू होता है, बच्चे के पैदा होने से उनके लिये जन्म प्रमाण पत्र तथा किसी व्यक्ति के मृत्यु होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, कानून व्यक्ति को जन्म से मृत्यु उपरांत तक लागू होता है। हम अगर अपने कर्तव्य का पालन करेंगे तो किसी के अधिकारों का हनन नहीं होगा। गरिमा शर्मा, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि नालसा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, सालसा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं डालसा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को कानूनी मदद दिलाने में सहयोग करता है। नालसा के द्वारा वर्ष में 04 बार नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है, नेशनल लोक अदालत से न्यायालय के बहुत से छोटे-मोटे,राजीनामा योग्य मामले का निराकरण सुलह समझौते के माध्यम से किया जाता है। महिलाओं को उद्बोधित करते हुये कहा गया कि परिवार में छोटे- मोटे क्लेश तो होते रहते है, इन्हें अनदेखा करना चाहिये, जिससे परिवार की शांति बनी रहें। जब महिलाएं को ज्यादा शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाए तभी उनको शिकायत करना चाहिये। पुलिस में एफआई.आर. लिखाते समय एफआई.आर. की निःशुल्क कापी प्राप्त करना आपका अधिकार है।

इस अवसर पर पैरालीगल वॉलीण्टिसर्य की पी.एल.सोनी, उमा नेताम, अमित स्वर्णकार, वरिष्ठ अधिवक्ता मधु पाण्डेय एवं वरिष्ठ कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य एवं के.एन. सेठ, एस.के. सौंधिया, जे.पी. यादव, दुष्यंत शर्मा, आरती सोनी, बालको सी.एस.आर. से संजीव शुक्ला, हर्षिता सोनी उपस्थित थे।

### विश्व होम्योपैथिक दिवस पर लगा शिविर

**कोरबा।** विश्व हौम्योपैथिक दिवस पर निरूशुल्क हौम्योपैथिक शिविर का आयोजन कोरबा औषधालय ऊषा कॉम्पलेक्स रेल्वे फाटक के पास आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक मोदी थे जिनके द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया एवं उन्होने अपने आर्शीवचन में हौम्योपैथिक चिकित्सा पद्वति को भारत की अत्यंत पुरानी चिकित्सा पद्वति के साथ साथ इसे सरल, सस्ता एवं कारगर बताया तथा यह भी बताया कि वे स्वयं भी 30 वर्षों से इस चिकित्सा पद्वति के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ ले रहे है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai


ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### स्कूटी से अवैध शराब की तस्करी, महिला के कब्जे से 32 पौवा देशी मसाला शराब जब्त



**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 32 पौवा देशी मसाला शराब जब्त किया है। अवैध शराब को लेकर महिला से पूछताछ की जा रही है। उसके पास इतनी मात्रा में शराब आई कहां से और उसके गैंग में कौन शामिल है। दरअसल, वैशाली नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि ड्ढ।स्र्क्क आवास रोड और कचरा भट्ठी रोड के मोड़ पर एक महिला शराब बेचने का काम करती है। अपनी एक्टिवा से आती है, उसमें शराब रखे रहती है और ग्राहकों को देती है।

सूचना पर वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने टीम गठित कर मौके पर भेजा। टीम ने जाकर महिला की घेराबंदी की। काले रंग की एक्टिवा पर मिली। पुलिस की गाड़ी को देखकर महिला भागने की कोशिश, लेकिन भाग नहीं पाई। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछने पर उसने अपना नाम एस निर्मला (30वर्ष) निवासी आम्रपाली के पीछे जामुल बताया। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से प्लास्टिक झोले में 32 पौवा देशी मसाला जब्त किया। पुलिस अब ये पता लगाने में लगी है कि जब शराब भट्ठी में एक आदमी को सिर्फएक बोतल दारू देने का नियम है तो फिर महिला शराब तस्कर के पास इतनी मात्रा में शराब आई कहां से। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उसके इस रैकेट में और कौन कौन शामिल है।

### भिलाई की फैक्ट्री में करंट लगने से छात्र की मौत

# पार्ट टाइम करता था जॉब, परिजनों ने किया फैक्ट्री के बाहर हंगामा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। औद्योगिक क्षेत्र स्थित साउथ इंडिया इंडस्ट्रीज में शनिवार की दोपहर को एक कॉलेज के छात्र की करंट लगने से मौत हो गई। करंट लगने के बाद छात्र को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। शव का मरच्यूरी में लाने के बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। घटना के बाद रविवार को परिजनों क साथ मृतक छात्र के मोहल्ले के लोग फैक्ट्री के बाहर पहुंचे। वहीं फैक्ट्री संचालक गेट में ताला लगाकर नदारद हैं। फिलहाल मौके पर तनाव का माहौल है।**




मिली जानकारी के अनुसार विकास (19) कॉलेज छात्र था और छुट्टियां लगने के कारण साउथ इंडिया इंडस्ट्रीज में पार्ट टाइम काम करता था। घटना शनिवार दोपहर बाद की बताई जा रही है। काम के दौरान विकास करंट की की चपेट में आ गया। घटना के बाद गंभीर हालत में फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा विकास को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

#### फैक्ट्री संचालकों ने अस्पताल में मृतक को बताया अनाथ

शनिवार को हादसे के बाद जिस विकास की मौत हुई उसे फैक्ट्री संचालकों ने अनाथ बता दिया। अस्पताल के रिकार्ड में भी यही दर्ज हुआ जबकि उसका पूरा परिवार औद्योगकि क्षेत्र में नीको कंपनी के पास लक्ष्मण नगर में रहता है। यही नहीं मृतक के परिजनों को उसके मौत की जानकारी देर से मिली। मृतक को जब मरच्यूरी लाया गया तब परिजनों को जानकारी दी गई। देर से मिली जानकारी के कारण परिजन काफी आक्रोशित हो गए।

#### न्याय की मांग को लेकर पहुंचे फैक्ट्री



रविवार को परिजनों के साथ मोहल्ले वाले फैक्ट्री पहुंचे और गेट में ताला लगा मिला। इसके बाद सभी वहीं डट गए। सूचना मिलने में मौके पर पुलिस पहुंची तो परिजनों ने फैक्ट्री संचालकों से मिलने की बात कही। वहीं परिजनों ने विकास की मौत के लिए फैक्ट्री संचालकों को ही जिम्मेदार ठहराया है। देर से सूचना देने के लिए भी परिजनों सवाल उठा रहे हैं। परिजनों ने इस पूरे मामले में फैक्ट्री संचालकों की भूमिका पर संदेह जताया है और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## अवैध कोयला खदान में मिट्टी धसकने से दो की मौत

■ कोयला निकालने गए थे और हो गया हादसा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**सरगुजा।** जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र के तहत ग्राम सुखरी भंडार में अवैध कोयला खदान में कोयला निकालने के दौरान एक नाबालिक सहित दो युवकों की दबकर मौत हो गई। ग्राम सुखरी भंडार में तीन युवक अवैध कोयला खदान में खनन के लिए गए थे,जिसमें से दो युवक कुंआ जैसे खाई में कोयला निकालने घुसे हुए थे, काफी देर तक बाहर नहीं आने के बाद उनके साथ जो एक और युवक था उसे कुछ दुर्घटना का अंदेशा हुआ।


इसके बाद उसने ग्रामीणों को और दोनों युवक के परिजनों को सूचना दी।उसने बताया कि कोयला खदान धसकने से दोनो की मौत हो गई है। घटना से ग्राम में अफरा तफरी मच गई सभी लोग दौड़े भागे कोयला खदान के समीप पहुंचे और मिट्टी में दबे दोनों युवकों को जिसमें एक नाबालिक भी शामिल है उसे निकालकर बाहर लाए तब तक उन दोनो की मौत हो चुकी थी।

मृतक के परिजन बालसाय मझवार एवं जेठू मझवार निवासी सुखरी भंडार ने उदयपुर पुलिस का सूचना दिया कि दोनो के पुत्र तिरंगा मझवार 17 साल एवं बुधलाल मझवार 20 साल एवं लक्ष्मण मझवार 12 अप्रैल की शाम को केरा झरिया गुफा में कोयला निकालने गए थे जो कोयला निकालते वक्त शाम पांच बजे करीब ऊपर से मिट्टी धसक जाने से बुधलाल मझवार एवं तिरंगा मझवार मिट्टी में दब गए तथा लक्ष्मण मझवार बाहर खड़ा होने से बच गया। जानकारी मिलने पर ग्रामीण जाकर दोनों को मिट्टी से बाहर निकाल कर घर लाए दोनों की मृत्यु शुक्रवार शाम को ही हो गई थी।

पुलिस जांच के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण करने पर पाया कि गुफा के अंदर कोयला का पट्टी है जिसे मृतक निकालने गए हुए थे। कोयला निकालते वक्त ऊपर से मिट्टी धसक जाने से दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वन विभाग के द्वारा 11 अप्रैल को मीटिंग लेकर कोयला ना निकालने की चेतावनी ग्रामीणों को दी गई थी उसके बाद भी कोयला निकालने के लिए 2 युवक गुफा में प्रवेश किए थे और ठीक उसके दूसरे दिन यह दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे के बाद से ग्राम में मातम पसरा हुआ है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव 24 घंटे बाद भी नहीं हो सकी पहचान

**कोरबा (ए.)।** कोरबा रेलवे स्टेशन से करीब दो स्टेशन आगे मड़वारानी के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह लगभग 11:00 बजे रेलवे ट्रैक पर युवक की लाश देखी गई इसकी सूचना मालगाड़ी के ड्राइवर ने पहले स्टेशन मास्टर को दी इसके बाद कोरबा रेलवे आरपीएफ को इसकी जानकारी दी गई जहां मौके पर पहुंचे आरपीएफ पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी ली।



रेलवे आरपीएफ की माने तो युवक की उम्र लगभग 25 वर्ष की और नीचे जींस और ऊपर इनर पहना हुआ है घटना के बाद आरपीएफ पुलिस अपने स्तर पर पहचान करने की कोशिश कर रही है वही आसपास ग्रामीणों को मौके पर बुलाया गया जहां पहचान करने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं हो पाया कोटवार के माध्यम से आगे पहचान कार्यवाही जारी है।

वहीं स्टेशन मास्टर से पूछताछ की गई पता चला कि युवक पहली बार स्टेशन के पास देखा गया है उसके बाद हादसा कब कैसे और और किन परिस्थिति में हुई है इसका पता नहीं चल सकता है। वहीं रेलवे आरपीएफ ने इसकी सूचना लोकल उरगा थाना पुलिस को भी दी है और जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस भी अपने स्तर पर आसपास लोगों से पूछताछ कर रही है।

रेलवे आरपीएफस्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से जानने की कोशिश कर रही है कि वह कब कैसे और किन परिस्थितियों में घटना स्थल पहुंचा। बताया जा रहा है कि युवक के सिर पर चोट का निशान है वहीं पर पर चप्पल नहीं युवक की मौत को लेकर कई प्रकार के अंदेशा जताया जा रहा है बताया यह भी जा रहा है कि युवक की मौत रेलवे ट्रैक पर गिरने से भी हो सकती है वहीं कुछ लोगों का कहना है कि युवक की मौत सामान्य नहीं बल्कि कुछ अनहोनी हुई होगी। फिलहाल रेलवे आरपीएफपुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल रवाना कर दिया है और मौत के कारण जानने में जुट गई है।

## हाथी का आतंक : हाथी ने जंगल में वृद्ध महिला पर किया हमला, पैरों से कुचलकर उतारा मौत के घाट

**रायगढ (ए.)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार की सुबह जंगल में हाथी के हमले से एक महिला की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। मामला रायगढ़ वन मंडल के तमनार वन परिक्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, रविवार की सुबह आठ बजे आमघाट निवासी कालावती पति सुखसिंग राठिया उम्र करीबन 50 साल गांव की अन्य महिलाओं के साथ महुआ बिनने जंगल गई हुई थी। बताया जा रहा है इस बीच सभी लोग पहाड़ चढ़ाई कर रहे थे। उसी दौरान एक हाथी मौके पर आ गया। अचानक हाथी को सामने देख लोगो मे अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने इधर-उधर भागने लगे। लेकिन कलावती भागने में सफल नही हो सकीं। जिसके बाद हाथी ने महिला को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि महिला को कुचलने के बाद एक किमी दूर उसी हाथी ने एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाथी के हमले से महिला की मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम के साथ साथ वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच कर कार्रवाई में जुट गई।

## रायपुर में पांचवीं मंजिल से कूदी महिला, मौत

**रायपुर (ए.)।** राजधानी में एक महिला ने पांचवी मंजिल से छलांग लगा दी। इस घटना के बाद महिला को मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। इस मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ प्रताड़ना और सुसाइड उकसाने का केस दर्ज किया है। पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, ये पूरी घटना 6 अप्रैल की है। टिकरापारा के छत्तीसगढ़ नगर के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी काम करने के दौरान सीमा निषाद ने अपने बच्चे को किसी बात को लेकर दो थप्पड़ मार दिया। बच्चे को मारना उसके पति मुकेश निषाद को बुरा लग गया। उसने सीमा को बच्चों पर हाथ उठाने से मना किया।

इस बात से पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। मुकेश ने पत्नी को डांट लगा दी और कहा कि तुझे मायके छोड़ दूंगा। पत्नी को ये बात सहन नहीं हुई। उसे सामाजिक बदनामी का डर हो गया। इस बहसबाजी के बाद पत्नी गुस्साए हालात में बिल्डिंग की पांचवें मंजिल पर चढ़ गई और छलांग लगा दी। महिला के सिर और शरीर के अन्य जगहों में गंभीर चोंटे आई, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला को मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसके मौत की पुष्टि की। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने तिल्दा-नेवरा निवासी पति मुकेश निषाद पर केस दर्ज किया है। पति पर आरोप है कि उसने महिला को डांट फटकार लगाकर छोड़ने की बात कही।

### आईआईटी भिलाई के असिस्टेंट प्रोफेसर से ऑनलाइन ठगी

## मुंबई पुलिस के नाम पर धमकी देकर ऐंठ लिए एक लाख रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एक ऑनलाइन ठग ने दूसरे प्रदेश में बैठकर छत्तीसगढ़ आईआईटी भिलाई के असिस्टेंट प्रोफेसर सुभाषित सिद्धांत को एक लाख रुपए का चूना लगा दिया। ठग ने प्रोफेसर को मुंबई पुलिस से बचाने के नाम पर लाख रुपए लिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुर्ग कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक असिस्टेंट प्रोफेसर सुभाषित ने खुद मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि बीते 9 अप्रैल को उनके मोबाइल




पर एक फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को डीएचएल कुरियर कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि उनका एक कुरियर मुंबई के कस्टम विभाग में फंसा हुआ है। वो आपत्ति जनक है। मुंबई पुलिस ने उस पर एफआईआर भी दर्ज की है।

इससे सुभाषित डर गया और बचने का रास्ता पूछने लगा। इसी डर का फायदा उठाकर ठग ने उनसे कहा कि मामला काफी गंभीर है। पुलिस ने उसका नाम पता उनसे मांगा तो वो फोन कर रहा है। उसने कहा कि उसकी एक पुलिस अधिकारी से पहचान है। वो इस बवाल से उन्हें निकाल देगा। इसमें एक लाख रुपए का खर्च आएगा। इसके बाद सुभाषित ने बिना कोई जानकारी किए एक लाख रुपए ठग के अकाउंट में डाल दिए।

ठग इतना शातिर था कि सुभाषित को विश्वास दिलाने के लिए उसने अपने दोस्त को पुलिस अधिकारी बनाकर उससे फोन पर बात कराई। ठग के दोस्त ने खुद को राजेश प्रधान बताया। राजेश ने भी सुभाषित से कहा कि उसका एक पार्सल आपत्तिजनक है। इसके कारण उसे कस्टम वालों ने जांच के लिए रोक लिया है। जब सुभाषित ने कहा कि वो पार्सल उसका नहीं है तो ठग ने कहा कि उस पर आपका नाम नंबर लिखा है। जांच होगी तो और बुरे फंसोगे। बचना है तो एक लाख रुपए भेज दो।

## कच्चे मकान में लगी आग, जिंदा जल गए 3 मासूम

■ सरगुजा जिले की घटना, घर बाहर से बंद कर महिला गई थी रिश्तेदार के घर

**अंबिकापुर (ए.)।** सरगुजा जिले के मैनपाट में कच्चे मकान में आग से तीन भाई-बहन जिंदा जल गए। तीनों विशेष संरक्षित माझी जनजाति के थे। कच्चे कमरे का मकान भी जलकर खाक हो गया। घटना के समय मृतकों की मां कमरे में नहीं थी। पिता कामकाज के सिलसिले में कुछ दिनों से बाहर गए हुए हैं। घटना को लेकर अभी कई जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मृत बच्चों की मां पास ही किसी विवाह कार्यक्रम में गई हुई थी।



मैनपाट के बरिमा पकरीपारा में देवप्रसाद माझी का कच्चा मकान है। पिछले कई दिनों से वह काम के सिलसिले में बाहर गया है। शनिवार की रात उसकी पत्नी सुधनी बाई तीन मासूम बच्चों गुलाबी (8), सुषमा (6), रामप्रसाद (4) को घर में छोडकर नजदीक में रहने वाले रिश्तेदार के यहां गई हुई थी घर के दरवाजे को उसने बाहर से बंद कर दिया था। जब वह वापस लौटी तो देखा कि घर धू-धू कर जल रहा था। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में गांव के लोग भी मौके पर जमा हो गए लेकिन आग बुझाने का कोई भी उपाय काम नहीं आया। स्थानीय स्तर पर संसाधनों की कमी भी बाधा बनी। देखते ही देखते आग की लपटे तेज हो गई।घर के अंदर पुआल का ढेर भी था। इस कारण भी आग तेजी से फैली। तीनों बच्चे की जलने से मौत हो गई। राख के ढेर में उनका जला हुआ शव एक दूसरे से लिपटे अवस्था में मिला। आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल सका है। अभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जांच में लगे है। बच्चों की मां कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं हैं।

#### पिता पुणे में करता है मजदूरी

मैनपाट में निवासरत विशेष संरक्षित जनजाति माझी समुदाय के ज्यादातर परिवार आर्थिक अभावों के बीच जीवन-यापन कर रहे हैं। दूसरों के यहां मेहनत मजदूरी कर ज्यादातर परिवारों का भरण-पोषण होता हैं। मृत बच्चों का पिता एक सप्ताह से पुणे में रोजगार के लिए गया है। एक बड़े कमरे वाले उसके कच्चे मकान का छप्पर, प्लास्टिक-घांस फूस और पुआल का उपयोग कर बनाया गया था इसलिए आग तेजी से फैली। छप्पर का हिस्सा तेजी से जला। माझी परिवार के लोगों द्वारा पुआल का उपयोग ठंड से बचने बिस्तर के रूप में भी किया जाता है। कमरे में भी पुआल का ढेर था इसलिए आग ने भयावह रूप ले लिया था। घर के दरवाजे की कुंडी भी बाहर से लगी हुई थी। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा है। जिस किसी ने भी बच्चों के शवों को देखा उनका दिल पसीज गया।

#### नाम परिवर्तन

मैं राकेश कुमार वैश्य (RAKESH KUMAR VAISHY) उम्र 44 साल पिता स्व. छेदी लाल वैश्य (LATE. CHEDI LAL VAISHY) पता महात्मा गांधी नगर केम्प 2 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। यह कि मेरा पुत्र सांई पब्लिक स्कूल केम्प 1 भिलाई में कक्षा नवमी में शिक्षा ग्रहण कर रहा है जिसके शाला रिकार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में उसका नाम निलेश कुमार गुप्ता (NILESH KUMAR GUPTA) दर्ज है। यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 789965101098 में पुत्र का नाम निलेश कुमार वैश्य दर्ज (NILESH KUMAR VAISHY) है।

अतः मेरे पुत्र के शालेय रिकार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं भविष्य में शासकीय, अशासकीय व अन्य संस्थान में मेरे पुत्र को निलेश कुमार वैश्य (NILESH KUMAR VAISHY) के नाम से जाना व पहचाना जावें।

शपथकर्ता
राकेश कुमार वैश्य
महात्मागांधी नगर कैंप-2

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### काम रोकने पर मरनेगा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, विधायक डोमनलाल भी बैठ गए धरने पर



**भिलाई।** दुर्ग जिले के जेवरा सिरसा चौकी के भटगांव ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत बन रही सड़क में मिट्टी खोदने के मामले तूल पकड़ लिया है। इस मामले को लेकर सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष मनरेगा मजदूरों ने शनिवार को जेवरा सिरसा चौकी का घेराव कर दिया। विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा भी धरने पर बैठ गए। ग्रामीण ऋषी टंडन ने बताया कि वो लोग गांव में श्मशान घाट जाने के लिए मनरेगा से रास्ता बना रहे हैं। उस रास्ते को बनाने में मिट्टी खोदकर डाली जा रही है। सुक्रित दास मानिकपुरी, ईश्वर देशमुख और ईशू साहू मिलकर बार-बार कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और एसडीएम से शिकायत कर काम को बंद करवा दे रहे हैं। इसी का विरोध कर रहे हैं। मजदूरों ने चौकी के सामने बैठकर जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा भी वहां पहुंच गए। वो खुद मजदूरों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्हें वहीं से चुनावी सभा की तरह संबोधित कर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगवाने लगे। विधायक ने आश्वासन दिया तो वो तीनों लोगों के खिलाफकार्रवाई करवाएंगे। सभी लोगों को मनरेगा का लाभ मिलेगा। इस शासकीय कार्य में किसी तरह की कोई बाधा नहीं पहुंचने दी जाएगी। इसके बाद लोग मान गए और फिर विरोध प्रदर्शन बंद किया।

### बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी देश का संविधान बनाया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 133वीं जयंती के अवसर पर पावर हाउस ओवरब्रिज के समीप बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के आदमकद प्रतिमा में सुनीलकुमार रामटेके एवं समयलाल साहू, अरूण सिंह ने माल्यअर्पण कर जयंती मनायी आज संपूर्ण देश में बाबा साहेब अंबेडकर जी ने देश को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए और हर वर्ग एवं जाति के लोगो को समान अधिकार देने के लिए संविधान बनाया गया है और उसी संविधान के बदौलत पूरा देश संचालित हो रहा है लेकिन कुछ सिरफिरे लोग बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की अलोचना करते है बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने भारत के भारतीय रिर्जव बैंक की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई 2 अप्रैल 1990 में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नईम बेग, दीदार भाई, कन्नाराव, मेरिक सिंह, तहुर भाई, मुबारक भाई, मधुकर, प्रकाश, वेंकटरमण, राजाराव, राजू, महेश, पंडित जी, बबलू आदि उपस्थित थे।

### सीएफए की परीक्षा में दुर्ग की अनुश्री और निधि सफल

**भिलाई।** वित्त और निवेश के क्षेत्र में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त योग्यता चार्टर्ड वित्तीय विश्लेषक के अंतिम सेमेस्टर के परिणाम बीते दिनों सीएफए संस्थान ने घोषित किए। घोषित परिणाम में दुर्ग शहर से दो प्रतिभागी ने सफलता हासिल कर दुर्ग शहर को गौरवान्वित किया है। इनमें सीमा और अनिल गुप्ता की पुत्री अनुश्री गुप्ता और वर्षा एवं विष्णु खंडेलवाल की बेटी निधि खंडेलवाल ने सीएफए परीक्षा पास की है। इसे महज एक संयोग ही कहा जा सकता है कि उत्तीर्ण दोनों ही छात्राएं हैं और दोनों ही खंडेलवाल समाज से आती हैं।

### सनीर साहू को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का भी मिला जिम्मा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संभाग अध्यक्ष सनीर साहू को समाज के प्रति निष्ठापूर्वक कर्मा जयंती, राजिम जयंती, भामाशाह जयंती, भानेस्वरी देवी माता की जयंती पर कार्य को देखते हुए अब उन्हें प्रदेश में कार्यकारी अध्यक्ष की बड़ी जवाबदारी मिला है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संग के अध्यक्ष टहल सिंह साहू, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कसडोल के विधायक संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, उपाध्यक्ष मोहनकुमारी साहू, प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू,पूर्व निगम मंडलबोर्ड अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, राजेंद्र साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष नन्दलाल साहू, भिलाई जिला अध्यक्ष हरिद्वारका साहू, रिसाली तहसील अध्यक्ष संतोष साहू, इकाई अध्यक्ष गण के अनुसंशा पर नियुक्ति किया गया है। वर्तमान में वह राजनीति में नगर निगम में पार्षद व महापौर परिषद में शिक्षा, खेलकूद व युवा कल्याण विभाग के प्रभारी भी व कांग्रेस संगठन में वह युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव की भी जवाबदारी निभा रहे है नियुक्ति जारी होने के पश्चात समाज के लोगों ने दूरभाष, सोशल मिडिया व पुष्पगुछ भेट कर, कहा कि युवाओं को समाज में आगे आने से समाज का विकास एवं एकजुटता कायम रहेगी।

---

भिलाई स्टील प्लांट में नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत

# निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया संयंत्र का दौरा, भिलाई बिरादरी का बढ़ाया हौसला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत हो गई है। संयंत्र बिरादरी ने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कई क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने के साथ अन्य कार्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज कर उपलब्धियां हासिल की है। इसके साथ ही भिलाई बिरादरी ने नए वित्त वर्ष 2024-25 में और अधिक व श्रेष्ठ निष्पादन करने स्वयं को तैयार कर लिया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने शनिवार को संयंत्र के विभिन्न विभागों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों और कार्मिकों से मुलाकात की, उन्हें उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और वर्तमान वित्तीय वर्ष में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया।**

13 अप्रैल को संयंत्र भ्रमण का प्रारंभ निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस्पात भवन से किया। इस अवसर पर इस्पात भवन में मानव संसाधन विकास विभाग, आई आर, जनसम्पर्क विभाग, परियोजना विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

उन्होंने इस्पात भवन में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए वित्त वर्ष के साथ-साथ हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा, बैसाखी, बंगाली नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में आप लोगों ने उत्कृष्ट निष्पादन व श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किया है, इस उपलब्धि में आप सभी के कार्यों का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से बहुत महत्वपूर्ण योगदान है।




### नए वित्तीय वर्ष की चुनौतियों पर डाला प्रकाश

अनिर्बान दासगुप्ता ने सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले कार्यों, उपलब्धियों और नवीन वित्तीय वर्ष 2024-25 की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस पर चर्चा करते हुए कहा, कि आप सभी के प्रयासों से ही ये श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करना संभव हुआ है। उन्होंने सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने एवं सुरक्षित रूप से कार्य करने पर विशेष जोर दिया। श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने वर्तमान वित्त वर्ष में, संयंत्र के आगामी लक्ष्यों के लिए कॉस्ट कटिंग ना करके कॉस्ट सेविंग अर्थात् मितव्ययता और समय से पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस वर्ष के लिए ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने संयंत्र बिरादरी के सदस्यों को उनके प्रयासों के लिए, उन्हें एवं उनके परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### भ्रमण के दौरान यह अधिकारी रहे मौजूद

इस भ्रमण के दौरान अनिर्बान दासगुप्ता के साथ संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (रावघाट) समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक( कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (माइंस) बीके गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) तापस दासगुप्ता और विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी गण, मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण सहित इस्पात बिरादरी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### इन विभागों का किया भ्रमण

निदेशक प्रभारी एवं कार्यपालक निदेशाकगणों की टीम ने इस्पात भवन के बाद, यूनिवर्सल रेल मिल, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल और आरटीएस विभाग, मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल, बार एंड रॉड मिल, सिंटर प्लांट, ओर हैंडलिंग प्लांट, एलडीसीपी, कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग, स्टील मेल्टिंग शॉप-2, प्लेट मिल, सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग, ब्लास्ट फर्नेस, पी एंड बीएस विभाग, पर्यावरण प्रबंधन विभाग, आई एंड ए विभाग, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 एवं आरसीएल विभाग, (एम एंड यू) रखरखाव एवं उपयोगिताएँ विभाग तथा सेंट्रल प्लांट स्टोर्स का भ्रमण किया।

### अधूरे कार्य प्राथमिकता से करें पूरा

शुरुआत में कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय ने पुराने वित्त वर्ष में इस्पात बिरादरी द्वारा किये गए सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, हमने साथ मिलकर बीते वित्त वर्ष में बहुत से कार्य पूरे किए, जिनमें कुछ उम्मीद से बढकर हुए तो कुछ समय से पहले पूर्ण हुए, पर कुछ कार्य अब भी अधूरे हैं और उन्हें पूरा करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिससे हम नए वित्त वर्ष में अपने आगामी लक्ष्यों को हासिल कर सकें। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए वित्त एवं लेखा, सामग्री प्रबंधन, माइंस, कार्मिक एवं प्रशासन सहित सभी विभागों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। एस मुखोपाध्याय ने सभी कर्मचारियों से चालू वित्त वर्ष में आगामी लक्ष्यों को समय से पूरा करने पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उपस्थित कार्यपालक निदेशकों ने भी संयंत्र बिरादरी के सदस्यों को बधाई दी और अपने विचार रखे। सभी कार्यपालक निदेशकों ने सभी विभागों के कर्मचारियों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में बेहतर उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रेरित किया एवं शुभकामनाएं दी।

---

## एसएमएस-3 विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में विगत दिनों पाली एवं कर्म शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाप्रबंधक (एसएमएस-3) ए बी श्रीनिवास ने कार्मिकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उत्कृष्ट कार्य के साथ-साथ विशेषकर सुरक्षा के पालन करने हेतु दिया गया है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे भी सभी विजेता उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपने साथी कार्मिकों को प्रेरित करें।

उप प्रबंधक अशोक कुमार चौकीदार को पाली शिरोमणी पुरस्कार से नवाजा गया। इसी क्रम में एसएमएस-3 के धनंजय कुमार सिंह, आर पुष्पाअर्चना, पुनऊ दास, ओम प्रकाश, तापस बाउरी एवं रंजीत साह को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पुरस्कृत कार्मिकों के जीवनसाथी हेतु प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र प्रदान किया है। कार्यक्रम में स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के महाप्रबंधकगण पी सतपथी, यतेन्द्र कुमार, त्रिभुवन बैठा, डी विजिथ तथा उप महाप्रबंधक (एसएमएस-2) संजीव कुमार सोनी भी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अतिथियों ने विजेताओं के कार्यशैली व सुरक्षा के प्रति जागरूकता की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भविष्य में और बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

---

युवा नेता रोहित तिवारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## भाजपा पश्चिम मंडल के बनाए गए कार्यकारी अध्यक्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा भिलाई जिला द्वारा युवा नेता रोहित तिवारी को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। रोहित तिवारी को भारतीय जनता युवा मोर्चा पश्चिम मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इनकी नियुक्ति भारतीय जनता युवा मोर्चा भिलाई जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, पश्चिम मंडल अध्यक्ष तिलक राज यादव, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा प्रभारी विनोद सिंह की सहमति से की है।



युवा भाजपा नेता रोहित तिवारी ने एक छात्रनेता के दौर पर अपना राजनीतिक करियर शुरू किया था। रोहित तिवारी ने सबसे पहले अपना एक छात्र संगठन बनाया। इंडिपेंडेंस स्टूडेंट यूनियन के नाम से संगठन का संचालन किया और दो पर छात्र संघ चुनाव में भी लड़े। छात्र संघ चुनाव के दौरान इनके संगठन को आठ कॉलेजों का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी मिला।

शुरू से ही भारतीय जनता पार्टी से प्रभावित रोहित तिवारी संगठन से जुड़े और पार्टी के साथ मिलकर कई मौके पर सामाजिक व छात्र हित के मुद्दों को उठाया। उनकी इसी कर्तव्य निष्ठा के लिए उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा संगठन में स्थान देते हुए भिलाई जिला पश्चिम मंडल का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### नियुक्ति पर मिली बधाइयां

युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने रोहित तिवारी को नया दायित्व मिलने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा हे कि रोहित तिवारी निश्चित रूप से संगठन के कार्य को गति प्रदान करेंगे। इनकी नियुक्ति पर उन्हें पूर्व पार्षद कामिल रॉबर्ट ,वीरू जैन, शिखर चौधरी, अमित अजमेरा,कोशल ताँड़ी,प्रशान्त, महेन्द्र प्रताप,आदित्य ताँड़ी लोकेंद्र यूके, अमृत सिंह, अमित अजमेरा, चंदन कुशवाहा, विक्रम साकारकर, जिला मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा आदि ने बधाई दी है।

---

## कैपिटल रिपेयर के पश्चात स्टेकर-4 का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी-ए स्थित स्टेकर-4 का कैपिटल रिपेयर के पश्चात उद्घाटन कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता द्वारा मुख्य महाप्रबंधक एच के पाठक, महाप्रबंधक प्रभारी आई सेनगुप्ता, महाप्रबंधक राकेश पाण्डेय, महाप्रबंधक रंजन भारती, महाप्रबंधक ए के सिंह की उपस्थिति में किया गया।



विदित हो कि ओएचपी-ए का स्टेकर नंबर 4, वर्ष 2002 में चालू किया गया था और तब से परिचालन में था। लंबे अवधि से लगातार परिचालन में होने के कारण इसका स्ट्रक्चर और अन्य मेकेनिज्म कमजोर हो गए थे और संचालन के लिए सुरक्षित नहीं थे। स्टेकर नंबर 4 को जनवरी 2024 में कैपिटल रिपेयर के लिए लिया गया था। पूरे स्टेकर को फिर से इन-हाउस डिजाइन के साथ इसका पुनर्निर्माण किया गया। लगभग 2.5 करोड़ की लागत से स्टेकर-4 के लिए बूम का फेब्रिकेशन, बेस स्ट्रक्चर और हॉयस्टिंग मेकेनिज्म सहित मटेरियल फेब्रिकेशन और इरेक्षन वर्क किया गया। कैपिटल रिपेयर के दौरान स्टेकर के भीतर का पूरा विद्युत तंत्र और वायरिंग भी बदला गया। टीम लीडर व महाप्रबंधक मुजीब हुसैन के नेतृत्व में अजीत कुजूर, संतोश सिंह, रवि कृष्णा, धनेश, हलदर और प्रशांत जैन सहित ओएचपी मैकेनिकल के इंजीनियरों की टीम ने स्टेकर 4 की मरम्मत और कमिशनिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उद्घाटन समारोह के दौरान संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे। उपस्थित सभी अधिकारीगणों ने ओएचपी में मटेरियल हैंडलिंग को और बेहतर बनाने के प्रति टीम बिरादरी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

---

## पंचमी पर परमेश्वरी मंदिर में महाआरती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर रोज जस गीत, माता सेवा एवं भक्ति संगीत की धूम मची हुई है। इसी परिप्रेक्ष्य में पंचमी के दिन प्रात: परमेश्वरी मंदिर में माताजी का विशेष श्रृंगार किया गया। संध्या समय मां परमेश्वरी की महाआरती हुई, जिसमें 100 से अधिक महिलाओं ने अपने घरों से दीयों से सजा कर लाए आरती की थालियों से आरती की। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने मुख्य यजमान के रूप में आरती की। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को



आकर्षक ढंग से दीयों एवं झालरों से सजाया गया था । उल्लेखनीय है कि परमेश्वरी मंदिर में 117 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। महाआरती के बाद जस गीत प्रभारी जयश्री देवांगन एवं उनकी टीम ने जस गीतों का गायन किया। साथ ही सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी रामगोपाल देवांगन के नेतृत्व में गायक-गायिकाओं द्वारा आकर्षक भक्ति गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा श्रद्धालुओं को विशेष भोग प्रसाद का वितरण किया गया। 16 अप्रैल को महाअष्टमी के दिन संध्या समय महाआरती और 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन प्रात: 10.30 बजे सामूहिक विशेष पूजा, हवन एवं भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

---

# रंगोली, मेंहदी, सलाद, रेडी-टू-ईट से मतदाता जागरूकता का संदेश, सेल्फी बूथ पर अफसरों ने ली सेल्फी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत शनिवार को खालसा स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा मातृशक्ति द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली, मेंहदी, सलाद, व्यंजन तैयार कर प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों ने 'वोट जैसा कुछ नही वोट जरूर डालेंगे हम थीम पर बने सेल्फी बूथ में सेल्फी भी खिंचाई।**

स्वीप के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सुपरवाईजर द्वारा मतदाता जागरूकता तख्ती में लिखे स्लोगन के माध्यम से 7 मई को लोकतंत्र के महापर्व में शतप्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कल्याण कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा बैंड के माध्यम से 'भारत हमे जान से प्यारा है गीत की प्रस्तुति दी गई।संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, निर्वाचन व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी एवं




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बनाए गए रंगोली, पेंटिंग, मेंहदी, सलाद, रेडी-टू-ईट द्वारा तैयार व्यंजन का अवलोकन किया तथा सराहना की।

इस मौके पर संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने मतदान के लिए जाना है, के नारे के साथ कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वोटिंग कर अपना योगदान दे। मतदान करना अधिकार ही नही बल्कि कर्तव्य भी है। यह हमारा संवैधानिक अधिकार है, इससे हमारा और देश का भविष्य निर्धारित होता है। मतदान सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है, मतदाता इसकी ताकत को पहचानें और चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करें। युवाओं एवं मातृशक्ति ने एक स्वर में इस लोकतंत्र के महापर्व पर शत-प्रतिशत मतदान करने की सहमति दी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले से शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप टीम द्वारा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने युवाओं को बुजुर्ग, दिव्यांग और गर्भवती मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने हेतु सहयोग करने के लिए स्वयं सेवक के रूप में कार्य करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी मातृशक्ति आज यह प्रण लेकर जाएं कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और अन्य लोगों का भी चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित कराएंगे। आधा घंटा 7 मई को हम देश के प्रति निकाले।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यकर्ता, सुपरवाईजर को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में 51 प्रतिशत मतदान केन्द्रों का संचालन मातृशक्ति करेगी। युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के साथ ही नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहा गया। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम में युवाओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आव्हान किया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में स्वीप के ब्रांड एंबेसडर डॉ. विश्वनाथ पाणीग्रही भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से वे लगातार प्रयास कर रहे है। इस कड़ी में उन्होंने लोगों को घर-घर जाकर मतदान का आमंत्रण पत्र देने का प्रण लिया। इस मुहिम के जरिए वे लगभग 1 लाख मतदाताओं तक यह संदेश पहुंचाना चाहते है। डॉ. विश्वनाथ पाणीग्रही के साथयुवोदय दुर्ग के दूतों ने भी मतदाता कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए।

जिला प्रशासन के अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर और युवाओं ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिले में शत प्रतिशत मतदान करने का शपथ लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का एवं श्रीमती योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, आर्ब्जवर प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी, नगर निगम दुर्ग आयुक्त लोकेश चंद्राकर, एसडीएम दीपक निकुंज, मुकेश रावटे, लवकेश ध्रुव, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी अजय शर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सुपरवाईजर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950